**खबर संक्षेप**

### जल संरक्षण की शपथ भी दिलाई गई

**छिन्दवाड़ा।** म.प्र.जन अभियान परिषद द्वारा जिले के विकासखंड तामिया के सेक्टर-01 बम्हनी में आज जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत एक महत्वपूर्ण गतिविधि आयोजित की गई। यह कार्यक्रम म.प्र.जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक श्री अखिलेश जैन एवं तामिया विकासखंड समन्वयक श्रीमती ललिता धुर्वे के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान गांव में स्थित हैंडपंप (जल स्त्रोत) के आसपास साफ-सफाई की गई, जिससे स्वच्छ जल उपलब्धता सुनिश्चित हो सके और लोगों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़े। इस अवसर पर गांव की महिलाओं ने भी उत्साहपूर्वक भागीदारी निभाई। परामर्शदाता श्री महेन्द्र यादव ने उपस्थित ग्रामीणों को जल संरक्षण, जल बचाव एवं जल को सुरक्षित रखने के विभिन्न उपायों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सामूहिक रूप से किए गए छोटे-छोटे प्रयासों से जल संकट को काफी हद तक कम किया जा सकता है। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में जल स्त्रोतों की स्वच्छता बनाए रखना और लोगों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक करना रहा। कार्यक्रम का संचालन सीएमसीएलडीपी के छात्र-छात्राओं सुश्री सरिता परतेती, सुश्री ज्ञानवती धुर्वे, श्री संदीप यादव एवं श्री ब्रजेश यादव द्वारा किया गया।

### 48 आवेदनों पर हुई सुनवाई, त्वरित निराकरण के दिए निर्देश

**पांढुर्णा।** राज्य शासन द्वारा संचालित साप्ताहिक जनसुनवाई के अंतर्गत प्रत्येक मंगलवार को आम नागरिकों की समस्याओं के समाधान के लिए सुनवाई की जाती है। इसी क्रम में आज कलेक्टर कार्यालय पांढुर्णा के सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई में अपर कलेक्टर श्री नीलमणि अग्निहोत्री ने 48 आवेदकों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और उनके त्वरित निराकरण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। जनसुनवाई में जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों सहित दूरस्थ अंचलों से आए नागरिकों ने विभिन्न समस्याओं के समाधान के लिए आवेदन प्रस्तुत किए। प्राप्त आवेदनों में प्रमुख रूप से भूमि सीमांकन, प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने, भू-अधिकार पट्टा उपलब्ध कराने, जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने, जाति प्रमाण पत्र जारी करने, मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना का लाभ दिलाने तथा खसरा-नक्शा दुरुस्ती से संबंधित प्रकरण शामिल रहे। इसके अतिरिक्त कई आवेदकों ने व्यक्तिगत एवं सामुदायिक समस्याएँ भी प्रस्तुत कीं। इनमें मनोज उइके (सावजपानी, पो. कोढाली) द्वारा वनाधिकार अधिनियम-2006 के तहत कृषि भूमि के स्वामित्व की जांच एवं पट्टा आवंटन शामिल है।

**खजरी रोड पर चाय दुकान बनी ट्रैप का केंद्र, 14 हजार की रिश्वत लेते पकड़ाया आरोपी**

# भ्रष्टाचार पर लोकायुक्त का शिकंजा

## PHED क्लर्क रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा

छिंदवाड़ा में भ्रष्टाचार के खिलाफ एक बड़ी और निर्णायक कार्रवाई करते हुए लोकायुक्त संगठन की टीम ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग (PHED) के एक क्लर्क को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। इस कार्रवाई से पूरे जिले में हड़कंप मच गया है और सरकारी दफ्तरों में फैले भ्रष्टाचार पर एक बार फिर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं।



### बिल पास करने के नाम पर मांगी गई थी रिश्वत

प्राप्त जानकारी के अनुसार, आरोपी क्लर्क दर्पण मिश्रा ने एक बिल पास करने के एवज में 14,000 की रिश्वत की मांग की थी। यह राशि शिकायतकर्ता सौरव मिश्रा से मांगी गई थी। सौरव ने इस अवैध मांग के खिलाफ आवाज उठाते हुए लोकायुक्त कार्यालय में शिकायत दर्ज कराई, जिसके बाद पूरे मामले की गंभीरता को देखते हुए टीम ने तत्काल कार्रवाई की योजना बनाई।

### सुनियोजित जाल और रंगे हाथ गिरफ्तारी

लोकायुक्त टीम ने पूरी रणनीति के तहत जाल बिछाया। खजरी रोड स्थित PHED कार्यालय के पास एक चाय की दुकान को ट्रैप के लिए चुना गया। तय योजना के अनुसार जैसे ही शिकायतकर्ता ने आरोपी को रिश्वत की राशि सौंपी, टीम ने मौके पर दबिश देकर दर्पण मिश्रा को रंगे हाथ पकड़ लिया।

कार्रवाई के दौरान मौके पर ही आरोपी को हिरासत में ले लिया गया और आगे की कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी गई। पूरी कार्रवाई बेहद गोपनीय और सटीक तरीके से अंजाम दी गई, जिससे आरोपी को संभलने का कोई मौका नहीं मिला।

### लोकायुक्त की सख्ती से बढ़ी उम्मीद

लोकायुक्त की इस कार्रवाई ने यह संदेश दिया है कि भ्रष्टाचार के खिलाफ अब सख्त कदम उठाए जा रहे हैं। ऐसे मामलों में तेजी से कार्रवाई होने से आम जनता में भरोसा बढ़ा है कि शिकायत करने पर न्याय मिल सकता है।

### एक और नाम आया सामने, जांच जारी

इस पूरे मामले में संदेश गजभिए का नाम भी सामने आया है, जिस पर आरोप है कि उसने रिश्वत की मांग में भूमिका निभाई थी। लोकायुक्त टीम अब इस एंगल से भी जांच कर रही है कि क्या यह मामला किसी बड़े नेटवर्क या संगठित भ्रष्टाचार का हिस्सा है।जांच एजेंसी यह पता लगाने में जुटी है कि क्या अन्य अधिकारी या कर्मचारी भी इस अवैध लेन-देन में शामिल थे। यदि ऐसा पाया जाता है तो आने वाले दिनों में और भी बड़ी कार्रवाई की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता।

### सरकारी तंत्र पर उठे सवाल

इस घटना ने एक बार फिर सरकारी विभागों की कार्यप्रणाली पर प्रश्नचिन्ह लगा दिया है। आम नागरिकों को अपने वैध कार्यों के लिए भी रिश्वत देने को मजबूर होना पड़ता है, जो व्यवस्था की गंभीर खामी को उजागर करता है। **जनता से अपील :** लोकायुक्त अधिकारियों ने नागरिकों से अपील की है कि यदि उनसे किसी भी प्रकार की रिश्वत मांगी जाती है तो वे बिना डर के इसकी शिकायत करें। भ्रष्टाचार के खिलाफ यह लड़ाई तभी सफल हो सकती है जब आम लोग जागरूक होकर आगे आएं।

**नियमों को दरकिनार कर 8 भूखंडों में की गई जमीन की बिक्री**

## बिना अनुमति कॉलोनी काटने पर निगम की सख्ती, खजरी में अवैध प्लाटिंग उजागर




हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा

छिंदवाड़ा में अवैध कॉलोनियों के खिलाफ प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए बड़ी कार्रवाई शुरू कर दी है। नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र में बिना वैध अनुमति के कॉलोनी विकसित कर प्लॉट बेचने का मामला सामने आने के बाद नगरीय प्रशासन ने संबंधित कॉलोनाइजर के खिलाफ कार्रवाई तेज कर दी है।

### खजरी क्षेत्र में सामने आया मामला

प्राप्त जानकारी के अनुसार, लोनिया करबल निवासी आकाश बंदेवार द्वारा मौजा खजरी स्थित खसरा नंबर 151/2/1/2, रकबा 0.405 हेक्टेयर भूमि को अवैध रूप से छोटे-छोटे भूखंडों में विभाजित कर दिया गया। इसके बाद इन प्लॉटों को बेचकर अनाधिकृत कॉलोनी विकसित कर दी गई। यह पूरा कार्य बिना किसी शासकीय अनुमति के किया गया, जो नियमों का स्पष्ट उल्लंघन है।

### जांच में हुआ बड़ा खुलासा

मामले की पुष्टि के लिए राजस्व एवं निगम अमले ने संयुक्त जांच की। पटवारी पंचनामा और निकाय उपयंत्री की टीम द्वारा मौके पर निरीक्षण किया गया, जिसमें यह स्पष्ट हुआ कि जमीन को 8 अलग-अलग प्लॉट में विभाजित कर बेचा गया है। यह कार्रवाई मध्यप्रदेश नगर पालिका (कॉलोनी विकास नियम 2021) का सीधा उल्लंघन पाई गई।अनुमतियों की अनदेखी, नियमों की उड़ाई धज्जियांनियमों के अनुसार किसी भी कॉलोनी के विकास से पहले (रेरा) में पंजीयन, भूमि का डायवर्जन, कॉलोनाइजर लाइसेंस तथा कॉलोनी विकास की स्वीकृति लेना अनिवार्य होता है। लेकिन संबंधित व्यक्ति द्वारा इन आवश्यक प्रक्रियाओं को पूरी तरह नजरअंदाज किया गया।

### पहले नोटिस, अब कड़ी कार्रवाई

नगर निगम द्वारा इस मामले में पूर्व में भी संबंधित व्यक्ति को नोटिस जारी किए गए थे, लेकिन कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया गया। इसके बाद निगम ने कड़ी कार्रवाई करते हुए कॉलोनी को अनाधिकृत घोषित कर दिया है।नगर निगम आयुक्त सी.पी. राय ने स्पष्ट किया कि मध्यप्रदेश नगरपालिका (कॉलोनाइजर का रजिस्ट्रेशन, निर्बन्धन तथा शर्तें) नियम 2021 की कंडिका 22 के तहत ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई का प्रावधान है। इसमें अवैध कॉलोनियों को ध्वस्त करने से लेकर संबंधित व्यक्तियों के खिलाफ पुलिस में एफआईआर दर्ज कराने तक की प्रक्रिया शामिल है।

### निवेश से पहले करें जांच

आयुक्त श्री राय ने आम नागरिकों से अपील की है कि किसी भी भूमि या कॉलोनी में निवेश करने से पहले उसकी वैधानिक स्थिति की जांच अवश्य करें। बिना अनुमति विकसित कॉलोनियों में निवेश करने से भविष्य में कानूनी और आर्थिक समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है।

### भ्रष्ट और अवैध गतिविधियों पर लगाम

नगर निगम की इस कार्रवाई को अवैध कॉलोनियों के खिलाफ एक बड़ी पहल माना जा रहा है। इससे न केवल नियमों का पालन सुनिश्चित होगा, बल्कि शहर में सुव्यवस्थित विकास को भी बढ़ावा मिलेगा। प्रशासन ने संकेत दिए हैं कि भविष्य में भी ऐसे मामलों पर लगातार निगरानी रखी जाएगी और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

## बाइक हादसे में तीन युवकों की मौत

**उमरेठ थाना क्षेत्र का मामला, गांवों में पसरा मातम**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

जिले मे उमरेठ थाना क्षेत्र में एक दर्दनाक सड़क हादसे ने तीन परिवारों की खुशियां छीन लीं। तेज रफ्तार और लापरवाही के कारण हुई इस दुर्घटना में तीन युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, हादसे में मृत युवकों की पहचान रंजीत उइके (24 वर्ष), पिता रामदयाल उइके, निवासी गाजनडोह; रवि उइके (22 वर्ष), पिता नारायण उइके, निवासी आमाझिरी; और अमित उइके (20 वर्ष), पिता नारायण उइके, निवासी आमाझिरी के रूप में हुई है।

तीनों युवक आपस में परिचित बताए जा रहे हैं और किसी काम से एक ही बाइक पर सवार होकर जा रहे थे।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बाइक काफी तेज रफ्तार में थी। इसी दौरान चालक ने वाहन से नियंत्रण खो दिया, जिससे बाइक अनियंत्रित होकर जोरदार तरीके से टकरा गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और तीनों युवकों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया।



घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को तत्काल अस्पताल भिजवाया गया। मंगलवार को पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी करने के बाद शव परिजनों को सौंप दिए गए। इस हृदयविदारक घटना के बाद मृतकों के गांवों में मातम का माहौल है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और हादसे के कारणों की जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में तेज रफ्तार और लापरवाही को हादसे की मुख्य वजह माना जा रहा है।

स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि सड़क सुरक्षा के प्रति सख्त कदम उठाए जाएं, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। यह हादसा एक बार फिर यह याद दिलाता है कि तेज रफ्तार और लापरवाही सड़क पर कितना बड़ा खतरा बन सकती है।

### चंदनगांव फीडर तथा खजरी फीडर से संबंधित सभी क्षेत्रों की विद्युत सप्लाई आज रहेगी बाधित

**छिन्दवाड़ा।** म.प्र.पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी छिंदवाड़ा (शहर संभाग) के कार्यपालन अभियंता ने बताया कि छिंदवाड़ा शहर संभाग के अंतर्गत 11 के.व्ही. आनंदम फीडर एवं चंदनगांव फीडर, फीडर कोड-18926, 7084 (लंबाई-6.94 कि.मी.) तथा खजरी फीडर, फीडर कोड-7069 पर मानसून पूर्व रख-रखाव कार्य के कारण 22 अप्रैल 2026 बुधवार को संबंधित सभी क्षेत्रों की विद्युत सप्लाई प्रातः 7 से 11 बजे तक बाधित रहेगी। उन्होंने बताया कि 22 अप्रैल 2026 को छिंदवाड़ा शहर संभाग के अंतर्गत आने वाले 11 के.व्ही. आनंदम फीडर एवं चंदनगांव फीडर, फीडर कोड-18926, 7084 (लंबाई-6.94 कि.मी.) से प्रभावित क्षेत्र आनंदम टाउनशीप, मिश्रा कॉलोनी, शांति कॉलोनी, महावीर कॉलोनी, फसीया सेमर, गुलमोहर, साबलेबाड़ी आदि संबंधित क्षेत्र तथा खजरी फीडर, फीडर कोड-7069 से प्रभावित क्षेत्र प्रियदर्शिनी कॉलोनी, सिध्दी विनायक कॉलोनी, सांई वाटिका, फ्रेण्ड्स कॉलोनी, आनंद नगर, डमरूटोला, कचरा घर, डुंगरिया, सोमाढाना, आरटीओ ऑफिस, नाजम बगीचा, आर्कन सिटी, गाडरीढाना आदि संबंधित क्षेत्रों की विद्युत सप्लाई प्रातः 7 से 11 बजे तक बाधित रहेगी।

### जनहित में 23 को ब्लॉक कांग्रेस का हल्लाबोल

**सौंसर।** क्षेत्र के किसानों की समस्याओं और खाद-गैस की किल्लत को लेकर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सौंसर ने आर-पार की लड़ाई का मन बना लिया है। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष डॉ. राजेंद्र येमदे ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर घोषणा की है कि आगामी 23 अप्रैल को सुबह 11 बजे तहसील कार्यालय सौंसर के समक्ष एक विशाल धरना आंदोलन आयोजित किया जाएगा। कांग्रेस द्वारा यह प्रदर्शन मुख्य मांगों और समस्याओं के निराकरण हेतु किया जा रहा है। मागों मेंन्यूनतम समर्थन मूल्य द्वारा निर्धारित उपज की सुचारू खरीदी सुनिश्चित करना।रसायनिक खाद की भारी कमी को दूर करना, गैस सिलेंडरों के वितरण में आ रही अव्यवस्थाओं का समाधान,सेवा सहकारी समितियों के माध्यम से किसानों को मिलने वाले ऋण वितरण की प्रक्रिया को सरल बनाना।

### नियमित जल आपूर्ति बहाल की जाए: महापौर

**हरिभूमि न्यूजःछिंदवाड़ा** शहर में जल आपूर्ति संबंधी समस्याओं को लेकर मंगलवार को नगर निगम के पानी की टंकी स्थित कार्यालय में विशेष जनसुनवाई आयोजित की गई। इस दौरान महापौर विक्रम अहके ने स्वयं उपस्थित होकर नागरिकों की समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को मौके पर ही आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जनसुनवाई में विभिन्न वार्डों से पहुंचे नागरिकों ने पानी की अनियमित आपूर्ति, कम दबाव, दूषित जल और समय पर सप्लाई न होने जैसी समस्याओं को प्रमुखता से उठाया। कई क्षेत्रों में लंबे समय से जल संकट बने रहने की शिकायतों पर महापौर ने नाराजगी जाहिर की।

### राष्ट्रीय 17 वर्षीय बालक क्रिकेट प्रतियोगिता का प्री-नेशनल क्रिकेट कैंप छिंदवाड़ा में प्रारम्भ

**छिन्दवाड़ा।** 69वीं शालेय राष्ट्रीय क्रिकेट प्रतियोगिता (17 वर्ष बालक) 26 अप्रैल 2026 से 1 मई 2026 तक जाडचेरला (तेलंगाना) में आयोजित की जा रही है। इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिये मध्यप्रदेश टीम का प्री-नेशनल क्रिकेट कैंप 19 अप्रैल 2026 से 23 अप्रैल 2026 तक इंदिरा गांधी क्रिकेट स्टेडियम, छिंदवाड़ा में आयोजित किया जा रहा है। यह कैंप जिला शिक्षा अधिकारी श्री जी.एस.बघेल के मार्गदर्शन में संचालित हो रहा है। कैंप का संचालन जिला क्रीड़ा अधिकारी एवं मध्यप्रदेश टीम के मैनेजर श्री प्रतापसिंह इवनाती के निर्देशन में किया जा रहा है। मध्यप्रदेश क्रिकेट टीम के कोच श्री असलम खान एवं मैनेजर श्री महेश कुमार डोंगरे अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। वहीं, प्री-नेशनल कैंप के सुचारू संचालन में खेल शिक्षक श्री आनंद गिरिपुंजे एवं श्री योगेश्वर चौरिया सहयोग प्रदान कर रहे हैं।

## सभी अधिकारियों से भरवाएं स्व गणना फॉर्म, 30 अप्रैल के पूर्व स्व गणना करने अपील

**कलेक्टर श्री नारायन ने ली समय-सीमा प्रकरणों की समीक्षा बैठक**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

कलेक्टर हरेंद्र नारायन ने मंगलवाल को कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में समय-सीमा प्रकरणों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक ली। बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्री अग्रिम कुमार, अपर कलेक्टर श्री धीरेन्द्र सिंह, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती ज्योति ठाकुर व श्रीमती अंकिता त्रिपाठी, अतिरिक्त सीईओ जिला पंचायत श्री पी.राजौदिया, नगर पालिक निगम छिंदवाड़ा के आयुक्त श्री सी.पी.राय सहित जिला प्रशासन व सभी विभागों के जिला स्तरीय और संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। जिला मुख्यालय के अतिरिक्त सभी एसडीएम और विभिन्न विभागों के ब्लॉक स्तरीय अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक में शामिल थे।

अधिक से अधिक स्व गणना की अपील - जनगणना 2027 के अंतर्गत 16 अप्रैल से स्व गणना पोर्टल ओपन किया गया है, जो 30 अप्रैल 2026 तक ही स्व गणना के लिए ओपन रहेगा। कोई भी नागरिक se.census.gov.in पोर्टल पर जाकर मोबाइल नंबर के माध्यम से लॉगिन कर स्व गणना कर सकता है। इस संबंध में आज समय सीमा की बैठक के दौरान स्टेट लेवल मास्टर ट्रेनर श्री राजेंद्र सिंह ठाकुर द्वारा सभी अधिकारियों का ओरियंटेशन कराया गया और मौके पर सभी से ऑनलाइन स्व गणना फॉर्म भरवाए गए।

कलेक्टर श्री नारायन ने जिले के सभी नागरिकों से अपील की है कि 30 अप्रैल 2026 के पूर्व स्व गणना पोर्टल पर जाकर स्व गणना कार्य जरूरी पूर्ण करें। अभी इसमें जिले को प्रगति अन्य जिलों की तुलना में बहुत कम है। स्व गणना का कार्य जितना अधिक होगा, 1 मई से 30 मई के बीच होने वाले जनगणना के प्रथम चरण का कार्य उतनी ही तीव्र गति से पूर्ण होगा।

स्व गणना करते समय घर की लोकेशन ढूंढने में असुविधा हो तो, घर से स्व गणना करने से मकान लोकेशन ऑटोमैटिक फ़ैच हो जाएगी। एक परिवार को परिवार के किसी भी एक सदस्य का ही मोबाइल नंबर उपयोग करना है और एक स्व गणना फॉर्म भरना है।

### नरवाई प्रबंधन के लिए हों पुख्ता प्रयास

प्रतिबंध के बाद में जिले में नरवाई जलाने की घटनाएं सामने आने पर कलेक्टर श्री नारायन ने नाराजगी जताई। उन्होंने सभी एसडीएम, तहसीलदार और नरवाई प्रबंधन के लिए विभिन्न स्तर पर गठित समितियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि अलर्ट मोड पर रहें और नरवाई प्रबंधक के लिए पुख्ता प्रयास करें। अगर कहीं नरवाई जलाने की घटना होती है, तो एफ.आई.आर भी जरूर दर्ज कराई जाए। साथ ही किसानों को इस संबंध में जागरूक भी करें।


### कलेक्टर ने सुनी 159 आवेदकों की समस्यायें

**छिन्दवाड़ा।** राज्य शासन के जनसुनवाई कार्यक्रम के अंतर्गत प्रति सप्ताह मंगलवार को आम नागरिकों की समस्याओं की सुनवाई की जाती है और संबंधित विभाग के अधिकारियों से इन समस्याओं का त्वरित निराकरण कराया जाता है । कलेक्टर श्री हरेंद्र नारायन ने आज कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई में 159 आवेदकों की समस्यायें सुनी । इस दौरान जिले के शहरी और ग्रामीण, दूरस्थ अंचलों से आये आवेदकों ने उपस्थित होकर अपनी समस्याओं के निराकरण के लिये आवेदन प्रस्तुत किये । जनसुनवाई में मुख्य रूप से ज़मीन का सीमांकन करने, संबल योजना का लाभ दिलाने, सड़क बनाने, अनुकम्पा नियुक्ति दिलाने, राजस्व अभिलेख में नाम दर्ज करने, प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने आदि से संबंधित आवेदन प्राप्त हुये। जनसुनवाई के दौरान आवेदकों के बैठने की व्यवस्था भी की गई थी।

## मोआरी खदान खुलने से कोयलांचल में फिर लौटेगी रौनक

हरिभूमि न्यूजःछिंदवाड़ा

छिंदवाड़ा और पांढुरना में विकास की गति को रफ्तार देने के लिए सतत प्रयास कर रहे सांसद बंटी विवेक साहू की पहल पर अब एक नई उपलब्धि हासिल हुई है। सांसद के प्रयासों से केंद्रीय वन एवं पर्यावरण जलवायु परिवर्तन मंत्रालय से डब्ल्यूसीएल को मोआरी कोयला खदान खोलने के लिए 255.177 हेक्टेयर वन भूमि मिल गई है। सांसद के प्रयासों से अब मोआरी कोयला खदान खुलते ही कोयलांचल क्षेत्र में फिर से रौनक लौट सकेगी। कोयलांचल क्षेत्र में बेरोजगारी की समस्या के निदान के लिए सांसद श्री साहू सतत प्रयास कर रहे हैं। इन्हीं प्रयासों का नतीजा है कि अब मोआरी खदान जल्द शुरू होगी। इसके लिए वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय से मंजूरी मिल गई है। दरअसल पिछले दिनों मंत्रालय के प्रमुख विभाग कंज्यूमर अफेयर फूड एंड पब्लिक डिस्ट्रीब्यूशन और कोयला मंत्रालय संसदीय सलाहकार समिति के सदस्य व सांसद बंटी विवेक साहू ने दिल्ली प्रवास के दौरान केन्द्रीय कोयला मंत्री जी किशन रेड्डी एवं केन्द्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेन्द्र यादव से मुलाकात कर नई खदानों को मंजूरी दिलाने का आग्रह किया था। सांसद ने भोपाल प्रवास के दौरान भी मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से नई खदानों को मंजूरी दिलाने के लिए मुलाकात की थी। उल्लेखनीय है कि कोयलांचल क्षेत्र में लंबे समय से कोयला खदानें खोलने की मांग क्षेत्रवासियों द्वारा होती रही है। सांसद बंटी विवेक साहू ने सांसद बनने के बाद से ही कोयला खदानों को खोलने के लिए लगातार प्रयास किये गए। इसी का परिणाम है कि मोआरी खदान को खोलने के लिए प्रक्रिया तेज हो गई है।

## अध्यक्ष और कोषाध्यक्ष को अंधेरे में रखकर हड़पी राशि

# भैसाडोंगरी स्वसहायता समूह में 8 लाख का गबन, सचिव पर धोखाधड़ी का आरोप



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा

विकासखंड के ग्राम भैसाडोंगरी में महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के उद्देश्य से गठित 'साई संगठन स्वसहायता समूह' में धोखाधड़ी का बड़ा मामला सामने आया है। समूह की सचिव पर 8 लाख रुपये से अधिक की राशि के गबन का गंभीर आरोप लगा है। इस संबंध में समूह की पीड़ित महिलाओं ने मंगलवार को एसडीएम अलका एक्का और जनपद पंचायत सीईओ बंदू सूर्यवंशी को लिखित शिकायत सौंपकर न्याय की गुहार लगाई है।

### यह है पूरा मामला ?

शिकायत के अनुसार, समूह की सचिव दिव्या पति उदेन वाडीवा ने अपनी पद का दुरुपयोग करते हुए समूह के खाते से कुल 8,13,990 रुपये का गबन किया है। महिलाओं का आरोप है कि जब इस संबंध में सचिव से पूछताछ की गई, तो उन्होंने कोई भी संतोषजनक जवाब नहीं दिया और न ही राशि का हिसाब पेश किया। इस वित्तीय हेराफेरी के कारण समूह की अन्य सदस्यों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है।

### हस्ताक्षर के नाम पर गुमराह करने का आरोप

मामले में सबसे चौंकाने वाला खुलासा समूह की अध्यक्ष आशा वटके और कोषाध्यक्ष सरस्वती वाडिवा ने किया है। उन्होंने अधिकारियों को बताया कि सचिव दिव्या ने उन्हें बैंक के किसी 'जरूरी प्रपत्र' पर हस्ताक्षर की बात कहकर दस्तावेजों पर दस्तखत करवा लिए थे। अध्यक्ष और कोषाध्यक्ष का दावा है कि उन्हें यह जानकारी ही नहीं थी कि वे राशि आहरण से संबंधित दस्तावेजों पर हस्ताक्षर कर रही हैं। समूह की सदस्यों ने शासन-प्रशासन से आरोपी सचिव के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करगबन की गई राशि को जल्द से जल्द वसूल कर समूह को वापस दिलाने की मांग की है।

## जल संरक्षण नारे लेखन के साथ आम जनों को दी जल स्त्रोतों के संरक्षण की जानकारी

छिंदवाड़ा। स्वच्छता एवं जल के महत्व को जन जन तक समझाने के लिए हम सभी के मिले जुले प्रयास किये जाने चाहिए ताकी इन सामुहिक प्रयासों से स्वच्छ भारत की कल्पना को साकार किया जा सकता हे ।इस बात की जानकारी देने के लिये मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा जिला समन्वयक



अखिलेश जैन के मार्गदर्शन मे जल गंगा संवर्धन कार्यक्रम के अंतर्गत जल स्त्रोतों की स्वच्छता अपनाने ग्राम पखड़िया एवं मारई मे जन जागरूकता लाने नारे लेखन किया गया ।इस अवसर पर सेक्टर 3 के परामर्शदाता श्यामल राव ,बी एस डब्ल्यू एवं एम एस डब्ल्यू के छात्रो ने ग्राम का भ्रमण कर ग्रामीण जनो को जल का संरक्षण , खुले पाईप मे नलो की टोंटी लगाने , ओर पानी का अपव्यय ना करने की अपील करते हुए जल संवर्धन की शपथ दिलाई गई । वही स्कूल जाकर छात्रो को भी जल संवर्धन के उपायो को समझाकर बरसात मे अधिक से अधिक पोधो का रोपण करने कहा गया ।इस नारे लेखन कार्य के साथ जन जागरुकता कार्यक्रम को सफल बनाने मे सी एम सी एल डी पी के छात्र, श्रद्धा गुप्ता, रीतिका दीवान, एकता साहू स्वाति सार्वे, विशाखा साहू ज्योति परमार,हंसिका सोनी,आलोक टांडेकर, शुभम शर्मा आंगनबाड़ी कार्यकर्ता रायवती गजभिए ,दुर्गा डेहरिया, का सराहनीय सहयोग रहा ।

## इस साल न्यूटन के तीन लोगों को मिला हज का मौका



न्यूटन / परासिया :- मुस्लिम समुदाय के लगभग हर व्यक्ति के मन में हज करने की तमन्ना होती है । जिन्हें यह मौका मिलता है , वे खुद का बड़ा खुश नसीब समझते हैं । अब की बार न्यूटन के दो मुस्लिम परिवारों के घर ये खुशनसीबी हज का मौका लेकर आई । न्यूटन वार्ड 11 से 25 वर्षीय शेख नाहिद और न्यूटन नंबर 13 से मुमताज़ खान और उनकी शरीक - ए - हयात (पत्नी) मोमिना बी को हज करने का मौका मिला है ।इन हज को जाने वाले लोगों का स्थानीय लोगों द्वारा अपने - अपने स्तर पर कार्यक्रम आयोजित कर इस्तक़बाल किया गया और मक्का पहुंचकर हज के दौरान सभी के लिए दुआएं करने की हज को जाने वालों से गुजारिश की गई । न्यूटन के अलावा जाटाछापर से मोहम्मद रियाज खान और हमीद खान इसी सप्ताह हज के लिए रवाना होंगे । न्यूटन निवासी शेख नाहिद अपनी दादी रजिया बी (बरुड़ - महाराष्ट्र) के साथ 26 अप्रैल को मुंबई से उड़ान भरेंगे ।

# नगरपालिका पांढुर्णा में बिना नीलामी 'भवन ध्वस्तीकरण' पर बवाल, कांग्रेस ने लगाए भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा



नगरपालिका परिषद पांढुर्णा एक बार फिर विवादों के घेरे में है। नगर कांग्रेस कमेटी ने नगरपालिका प्रशासन पर अपने पुराने भवनों को अवैध तरीके से ध्वस्त (डिस्मेंटल) करने और इसमें भारी वित्तीय अनियमितता बरतने का गंभीर आरोप लगाया है। इस संबंध में कांग्रेस नेताओं ने एक लिखित शिकायत दर्ज कराकर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

### सभी नियमा-कायदे को रखा ताक पर

नगर कांग्रेस अध्यक्ष जयंत घोडे और नगरपालिका में प्रतिपक्ष नेता सुरेश सुरजूसे का कहना है कि नियमों के अनुसार किसी भी सरकारी भवन को ध्वस्त करने से पहले उसकी विधिवत नीलामी प्रक्रिया अपनानी चाहिए थी। कांग्रेस के अनुसार, सीएमओ का शासकीय क्वार्टर, बोर्डिंग स्कूल, फायर स्टेशन और साइंस कॉलेज के पुराने भवनों को सीधे डिस्मेंटल कर दिया गया। यदि इन भवनों की नीलामी होती, तो इनमें प्रयुक्त कीमती सागौन की बल्लियां, छत की कैंचियां, खिड़की-दरवाजों और पुरानी ईटों से नगरपालिका को लाखों रुपये की आय होती।

नीलामी न होने से नपा को भारी राजस्व की हानि हुई है। कांग्रेस नेताओं ने बोर्डिंग स्कूल और साइंस कॉलेज के भवनों में लगी सागौन की लकड़ी और निर्माण सामग्री की गणना कर उसका भौतिक सत्यापन, साल 2012 से 2025 तक सीएमओ क्वार्टर के रखरखाव पर हुए कुल व्यय की जांच, बिना नीलामी प्रक्रिया के भवनों को ध्वस्त करने की अनुमति देने वाले अधिकारियों पर तत्काल कार्रवाई की मांग की है।

# मिडास कोचिंग संस्था के पीयूष ने 99.30, हर्ष ने 99.02 पर्सेंटाइल किए हासिल

## एक बार फिर से मिडास ने रचा इतिहास, मिडास है तो भरोसा है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (National Testing Agency) द्वारा आयोजित जेईई मेन्स जनवरी 2026 परीक्षा में सौंसर क्षेत्र के छात्रों ने शानदार प्रदर्शन कर पूरे पांढुर्ना जिले का नाम रोशन किया है। खैरी तायगांव, सौंसर निवासी जगन्नाथ सातपुते के पुत्र पीयूष सतपुते ने 99.30 पर्सेंटाइल प्राप्त कर उत्कृष्ट उपलब्धि हासिल की। वहीं सौंसर के मनोहर हिंगवे के पुत्र हर्ष हिंगवे ने 99.02 पर्सेंटाइल के साथ जिले में शीर्ष स्थान प्राप्त किया।

मोहगांव के श्रेष्ठ सुबोध महेश्वरी ने 98.36 पर्सेंटाइल लाकर कोचिंग में तीसरा स्थान प्राप्त किया।इन सभी विद्यार्थियों ने सौंसर की प्रसिद्ध Midas Coaching Institute से मार्गदर्शन प्राप्त किया। इस वर्ष कोचिंग के लगभग 13 छात्रों ने 95 पर्सेंटाइल से अधिक और 36 छात्रों ने 90 पर्सेंटाइल से अधिक अंक हासिल किए, जिससे संस्था का नाम पूरे क्षेत्र में गूंज उठा। कई छात्रों ने JEE Advanced के लिए भी क्वालीफाई किया है।

कोचिंग संचालक विकास कुमार सिंह और किशन कुमार सिंह के अनुसार, यह सफलता छात्रों की निरंतर मेहनत, अनुशासन और ऑफलाइन पढ़ाई के समर्पित माहौल का परिणाम है।

उन्होंने बताया कि मोबाइल और ऑनलाइन पढ़ाई पर अधिक निर्भरता छात्रों को भटका सकती है, जबकि सही मार्गदर्शन और व्यक्तिगत ध्यान से बेहतर परिणाम संभव हैं।मिडास संस्था के अनुभवी शिक्षक, जो आईआईटी और एनआईटी जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों से शिक्षित हैं, छात्रों को उच्च स्तर की तैयारी प्रदान करते हैं। यही कारण है कि हर वर्ष बाहर से भी छात्र यहां आकर अपने सपनों को नई उड़ान देते हैं।

## जिले में उर्वरक की पर्याप्त उपलब्धता, ई-विकास पोर्टल से ही उठाव करने की अपील

छिन्दवाड़ा। जिले में वर्तमान में समस्त प्रकार के उर्वरकों का पर्याप्त भण्डारण उपलब्ध है। कृषकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए प्रशासन द्वारा ई-विकास पोर्टल के माध्यम से ही उर्वरक उठाव करने की अपील की गई है। साथ ही जिला स्तर एवं विकासखण्ड स्तर पर कंट्रोल रूम का गठन किया गया है, ताकि किसानों की समस्याओं का त्वरित समाधान किया जा सके। उर्वरक वितरण व्यवस्था को सुगम बनाने के लिए निजी विक्रेता, समितियां, मार्कफेड, मार्केटिंग सोसायटी तथा एम.पी. एग्रो केन्द्रों पर निःशुल्क ई-टोकन पंजीयन की व्यवस्था उपलब्ध कराई गई है। यदि किसी किसान को किसी प्रकार की समस्या आती है, तो वे कृषि विभाग कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं। जिले में वर्तमान समय में लगभग 92 हजार मेट्रिक टन उर्वरक उपलब्ध है, जो खरीफ सीजन की कुल आवश्यकता का लगभग 50 प्रतिशत है। हालांकि, किसानों द्वारा उर्वरक का उठाव धीमी गति से किया जा रहा है।

## प्रियंका गांधी के खिलाफ फेसबुक पर अशोभनीय टिप्पणी करने वाल सौरभ गुप्ता के खिलाफ भड़का कांग्रेसियों का गुस्सा

# महिलाओं पर अमर्यादित व अशोभनीय टिप्पणी को कांग्रेसी बर्दाश्त नहीं करेगे- जावेद अली

### पुलिस थाने में ज्ञापन देकर एफआईआर की मॉग की



**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** मंडला जिले के रहने वाले भाजपा नगर महामंत्री सौरभ गुप्ता द्वारा सोशल मीडिया फेसबुक पर कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव व सांसद श्रीमती प्रियंका गॉधी पर अशोभनीय एवं अमर्यादित टिप्पणी के विरोध में मंगलवार की शाम को वारासिवनी विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेसियों द्वारा कड़ा विरोध दर्ज कराते हुए वारासिवनी पुलिस थाने में थाना प्रभारी पवन यादव को एक ज्ञापन सौंपकर कठोर कार्यवाही की मॉग की है।

इस मौके पर राहुल प्रियंका गॉधी विचार मंच के जिलाध्यक्ष जावेद अली ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि महिलाओं का सम्मान करने की बात करने वाली भाजपा के पदाधिकारी एक महिला पर जिस प्रकार की अशोभनीय व अमर्यादित टिप्पणी करते है, यह उनके व्यक्तित्व का परिचय कराता है। भाजपा के नेताओं की कथनी और करनी में यही अंतर है। वह कहते कुछ है और करते कुछ है। उनके नेताओं के मन में महिलाओं के लिए कभी कोई सम्मान रहता ही नहीं है, वह सिर्फ महिला हितैषी होने का ढोंग रचते रहते है। वह महिला विरोधी टिप्पणियॉ कर अपनी मानसिकता का परिचय देते है।

नगर कांग्रेस अध्यक्ष अनिल पिपरेवार ने इस मामले में अपनी प्रतिक्रिया में कहा कि देश में सुचिता व संस्कार की बात करने वाली पार्टी के नेतागण एक महिला के प्रति इस प्रकार की अशोभनीय व अमर्यादित टिप्पणी करते है। मंडला के भाजपा नगर महामंत्री सौरभ गुप्ता ने संसद में लाए गए महिला आरक्षण बिल को लेकर कांग्रेस नेता प्रियंका गॉधी पर जो अशोभनीय टिप्पणी की है, उसको लेकर उनके खिलाफ प्रकरण पंजीबद्ध किया जाए और उन्हें गिरफ्तार कर कार्यवाही की जाये।

ग्राम पंचायत डोंगरमाली के पूर्व सरपंच अशोक लिल्हारे ने अपनी प्रतिक्रिया में कहा कि भाजपा के लोग भारत माता की जय व गौ माता की जय के नारे लगाते है, लेकिन इसके साथ ही वह महिलाओं का अपमान करने में कोई कमी नहीं करते है। उनके द्वारा एक उच्च पद पर बैठी हुई महिला के खिलाफ जिस प्रकार की अमर्यादित टिप्पणी की है, वह कतई बर्दाश्त लायक नहीं है।

इस अवसर पर कांग्रेसजनों द्वारा भाजपा के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई और अमर्यादित आचरण करने वाले भाजपाई सौरभ गुप्ता के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की मॉग की। इस मौके पर दिए गए ज्ञापन पर विधायक विवेक विक्की पटेल, राहुल प्रियंका गॉधी विचार मंच जिलाध्यक्ष जावेद अली, नगर कांग्रेस अध्यक्ष अनिल पिपरेवार, पूर्व सरपंच अशोक लिल्हारे, पूर्व जनपद सदस्य अशोक मरार, सरपंच किशोर तामेश्वर, सेवा दल महिला जिलाध्यक्ष रेशमा कुमरे, सेवा दल विधान सभा प्रभारी भुवन लोहार, विक्रांत मेश्राम, अल्पसंख्यक विभाग विधान सभा अध्यक्ष अरशद कुरैशी, मंडल अध्यक्ष पप्पू गोन्नाडे, संतलाल लिल्हारे, सत्तू बिसेन, राहुल गॉधी विचार मंच अध्यक्ष राकेश हेड़ाऊ, राहुल गॉधी विचार मंच अध्यक्ष राजेश कोलते, दिनेश पांचे, अंशु डोंगरे, अतुल पारधी, अंकेश दमाहे, पिंटू वर्मा, साहिल नगपुरे, राजिक कुरैशी, सादाब हसन, सादाब खान, अंशु डोंगरे, संग्राम धुर्वे, देवेश कुमार धुर्वे, सुमित दमगाहे, आरजू मेश्राम, राहुल गॉधी विचार मंच अध्यक्ष सोनू कनोजिया, राहुल प्रियंका गांधी विचार मंच के पद्दाधिकरी एवं कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल रहे।

# ग्राम मुंडेसरा में पंचायती राज दिवस पर विशेष कार्यक्रम

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** राजीव गांधी पंचायती राज संगठन जिला बालाघाट द्वारा "संविधान एवं पंचायतीराज पखवाड़ा" कार्यक्रम के अंतर्गत 24 अप्रैल 2026 को ग्राम पंचायत मुंडेसरा में एक विशेष आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम दोपहर 12:00 बजे से सामुदायिक भवन में आयोजित होगा, जिसमें पंचायती राज दिवस के अवसर पर संविधान से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा और विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा।

कार्यक्रम की जानकारी देते हुए संगठन की जिला अध्यक्ष मीरा सिंगनदुपे ने बताया कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण स्तर पर संविधान के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा पंचायती राज व्यवस्था को सशक्त करना है। कार्यक्रम के दौरान संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन किया जाएगा, जिससे उपस्थित जनों में संवैधानिक मूल्यों के प्रति जागरूकता विकसित हो सके।



इसके साथ ही भारतीय संविधान के अनुच्छेद 243, जो पंचायती राज व्यवस्था से संबंधित है, का वाचन एवं विस्तृत जानकारी दी जाएगी। कार्यक्रम में 73वें एवं 74वें संविधान संशोधन पर भी चर्चा की जाएगी, जिनके माध्यम से स्थानीय स्वशासन संस्थाओं को सशक्त बनाने का मार्ग प्रशस्त हुआ है। साथ ही महिला आरक्षण विधेयक जैसे महत्वपूर्ण विषय पर भी विचार-विमर्श किया जाएगा, जिससे महिलाओं की भागीदारी को लेकर जागरूकता बढ़े।

इस अवसर पर एक विशेष सभा का आयोजन किया जाएगा, जिसमें क्षेत्र के सक्रिय कार्यकर्ताओं का सम्मान भी किया जाएगा। इसके अलावा कार्यक्रम में संकल्प प्रस्ताव पारित किया जाएगा और भविष्य की कार्ययोजना तैयार की जाएगी, ताकि पंचायत स्तर पर विकास कार्यों को गति मिल सके और जनहित के मुद्दों को प्रभावी ढंग से उठाया जा सके।

आयोजन को सफल बनाने के लिए कांग्रेस पार्टी के समस्त ब्लॉक अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष, ग्राम अध्यक्ष, राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के सभी ब्लॉक अध्यक्ष एवं जिला पदाधिकारी, तथा पार्टी के विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों एवं समर्पित कार्यकर्ताओं से कार्यक्रम में समय पर उपस्थित रहने का अनुरोध किया गया है।

मीरा सिंगनदुपे ने सभी कार्यकर्ताओं से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाएं और संविधान के प्रति अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करें। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन न केवल जागरूकता बढ़ाते हैं, बल्कि लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

# स्टॉप डेम में घोटाले की बू: 15 लाख की लागत, गुणवत्ता शून्य-जिम्मेदार बेखबर!

### कुम्हारी कला में मनरेगा कार्य पर उठे गंभीर सवाल, सरपंच-सचिव और जनपद अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर आक्रोश

हरिभूमि न्यूज लांजी।



लांजी जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत कुम्हारी कला में मनरेगा योजना के तहत बन रहा स्टॉप डेम अब विकास का प्रतीक नहीं, बल्कि भ्रष्टाचार और लापरवाही की मिसाल बनता नजर आ रहा है। करीब 15 लाख रुपये की लागत से बड़े नाले पर जारी इस निर्माण कार्य में गुणवत्ता को दरकिनार कर खुलेआम नियमों की अनदेखी किए जाने के आरोप सामने आ रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि यह कार्य जनहित के बजाय निजी स्वार्थ की भेंट चढ़ता दिखाई दे रहा है।

ग्रामीणों के अनुसार स्टॉप डेम के निर्माण में बेहद निम्न स्तर की रेत और अन्य सामग्री का उपयोग किया जा रहा है। निर्माण स्थल पर न तो तकनीकी मानकों का पालन हो रहा है और न ही किसी प्रकार की गुणवत्ता जांच दिखाई देती है। स्थानीय लोगों ने आशंका जताई है कि यदि इसी तरह कार्य चलता रहा तो पहली बारिश में ही यह स्टॉप डेम धराशायी हो सकता है। यह स्थिति न केवल सरकारी धन की बर्बादी है, बल्कि ग्रामीणों की उम्मीदों पर भी पानी फेरने वाली है।

ग्राम पंचायत के सरपंच और सचिव पर गंभीर आरोप लगाते हुए ग्रामीणों ने कहा कि पूरे निर्माण कार्य में पारदर्शिता का अभाव है। बिना किसी ठोस निगरानी और जवाबदेही के कार्य कराया जा रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि मापदंडों को दरकिनार कर मनमाने तरीके से काम कराया जा रहा है, जिससे यह स्पष्ट होता है कि जिम्मेदारों को गुणवत्ता से अधिक राशि खर्च करने की चिंता है।

मामले में जनपद पंचायत स्तर के अधिकारियों की निष्क्रियता भी सामने आई है। ग्रामीणों ने कई बार शिकायत की, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई या निरीक्षण नहीं हुआ। इससे यह संदेह और गहरा हो गया है कि कहीं न कहीं जिम्मेदार अधिकारी भी इस अनियमितता को नजर अंदाज कर रहे हैं। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि सरकारी योजनाओं में पारदर्शिता और गुणवत्ता सुनिश्चित हो सके।

इस संबंध में नंदकुमार भटेरे से मोबाईल पर सम्पर्क करने का प्रयास किया गया तो उनके द्वारा फोन नही उठाया गया।

# पीएम श्री शाउमावि माटे के विद्यार्थी ने राज्य स्तरीय प्रवीण्य सूची में दर्ज कराया अपना नाम





हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

पीएम श्री शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय माटे के लिए यह अत्यंत हर्ष और गौरव का विषय है कि विद्यालय के मेधावी विद्यार्थी आर्यन गिरी गोस्वामी, पिता इंतोषगिरी गोस्वामी, कक्षा 12वीं (कॉमर्स) ने अपनी उत्कृष्ट शैक्षणिक उपलब्धि के बल पर राज्य स्तरीय प्रवीण्य सूची में अपना नाम दर्ज कराया है।उक्त उल्लेखनीय सफलता पर दिनांक 18 अप्रैल 2026 को कलेक्ट्रेट बालाघाट में आयोजित समारोह में कलेक्टर महोदय द्वारा उन्हें सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उनकी उपलब्धि की सराहना करते हुए उज्वल भविष्य की कामना की गई। विद्यालय परिवार ने आर्यन गिरी गोस्वामी को इस उपलब्धि के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

हायर सेकेंडरी सर्टिफिकेट परीक्षा 2026 - कुल दर्ज छात्रः 86उपस्थितः 85उत्तीर्णः 83पास प्रतिशतः 97.6%श्रेणी अनुसारःप्रथम श्रेणीः 57द्वितीय श्रेणीः 26तृतीय श्रेणीः 0अनुत्तीर्णः 2, कला संकायः मोहिनी ठाकरे – 372/500 (74.4%)वाणिज्य संकायः आर्यन गिरी गोस्वामी – 481/500 (96.2%)जीव विज्ञानः प्रेरणा खरे – 428/500 (85.6%)गणितः गरिमा खरे – 439/500 (87.8%)

हाई स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा 2026 - कुल दर्जः 128उपस्थितः 127उत्तीर्णः 122पास प्रतिशतः 96.06%श्रेणी अनुसारःप्रथम श्रेणीः 104द्वितीय श्रेणीः 14तृतीय श्रेणीः 4अनुत्तीर्णः 5, कक्षा के टॉप 3 विद्यार्थीप्रथम स्थान (टाई)ःआरजू अनिल गौतम – 469/500 (93.8%)खुशी कुमार कावरे – 469/500 (93.8%)उज्जवल जगत लाल वधाडे– 469/500 (93.8%)द्वितीय स्थानःतृप्ति जगदीश खरे – 468/500 (93.6%)तृतीय स्थानःनिकिता नरेंद्र चौधरी – 466/500 (93.2%) मीडिया प्रभारी ए. कुरैशी।

विद्यालय के प्राचार्य एवं शिक्षकों ने बताया कि यह सफलता विद्यार्थी की लगन, कठोर परिश्रम एवं शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है, जिससे अन्य विद्यार्थियों को भी प्रेरणा मिलेगी। श्री श्यामकरण पटले प्रभारी प्राचार्य विद्यालय प्रबंधन एवं समस्त स्टाफ ने इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि भविष्य में भी ऐसे ही उत्कृष्ट परिणाम प्राप्त करने के लिए निरंतर प्रयास जारी रहेंगे।

**खबर संक्षेप**

### एक दशक से अधिक समय बीतने के बाद भी हालात जस के तस :-

**छपारा:** विगत 13 वर्षों से हर साल बारिश के मौसम में छपारा नगर परिषद के महाराणा प्रताप वार्ड के महाराणा कॉलोनी और हाईवे कॉलोनी में मानसूनी पानी आफत बनकर आता है. जिसे लेकर स्थानीय प्रशासन से बार बार मांग करने पर विगत वर्ष नगर परिषद ने प्रपोजल बनाया और बाढ़ आपदा प्रबंधन के तहत ठेका भी दे दिया, किंतु इसके बाद भी स्थानीय प्रशासन की उदासीनता के चलते अभी तक काम शुरू नहीं किया गया जिससे ऐसा प्रतीत हो रहा हैं कि, इस बार की बारिश में फ़िर महाराणा प्रताप और हाईवे कॉलोनी के सैकड़ो मकान में पानी घुसना तय है। एक दशक से अधिक समय बीतने के बाद भी हालात जस के तस लेकिन इस समस्या से निजात पाने के लिए ना तो ग्राम पंचायत से नगर परिषद बनी छपारा ने अब तक कोई ठोस उपाय नहीं ढूंढा है. जिससे इस तरह के हालात हर साल मानसून की बारिश में यहां बनते हैं. जिससे यहां रह रहे लोगों को परेशानियों और दहशत का सामना करना पड़ता है. जब घरों में पानी घुस जाता है तब स्थानीय जनप्रतिनिधि और अधिकारी तमाशा बीन बनकर देखते रहते हैं. लेकिन इस समस्या के समाधान को लेकर कोई ठोस प्रयास नहीं किए गए यदि किए होते थे इस तरह के हालात देखने को नहीं मिलते।जब स्थानीय प्रशासन की उदासीनता को देखते हुए पूर्व में नगर के मीडिया कर्मियों के द्वारा पूर्व कलेक्टर संस्कृति जैन से लेकर शीतला पटले को भी जानकारी दी है. साथ ही उन्हें घरों में घुसे पानी का वीडियो भी दिखाया गया था। देखने वाली बात यह होगी कि एक दशक से अधिक समय से परेशान लोगों को क्या नवागत कलेक्टर नेहा मीणा ठोस कदम उठाकर निजात दिला पाएंगे।

### ऋण ना चुकाने पर सजा

**नरसिंहपुर।** गत दिवस न्यायालय चतुर्थ श्रेणी जिला न्यायाधीश रामकुमार डांगी के न्यायालय द्वारा ऋण ना चुकाने पर सजा सुनाई गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रकरण क्रमांक ईएक्सएबी/ 67/ 2024 श्रीराम फाइनेंस लिमिटेड बनाम संतोष कुमार द्विवेदी पिता गजानन प्रसाद द्विवेदी, निवासी पाठक वार्ड, पाली मोहल्ला, जिला-नरसिंहपुर को वाहन ऋण रुपये 436765/- ना चुका पाने के मामले में एक माह के साधारण कारावास से दंडित कर जेल भेजा। परिवादी श्रीराम फाइनेंस की ओर से अधिवक्ता राजकुमार प्रजापति ने ब्रांच मैनेजर योगेन्द्र दास बैरागी, कलेक्शन मैनेजर दीपक गुहेरिया एवं रिटेनर रीतेश मौर्य की उपस्थिति में पैरवी की गई।

### बिजली आफिस पहुंचे आक्रोशित किसान

**नरसिंहपुर।** मंगलवार को चिनकी क्षेत्र से बड़ी संख्या मे किसान एकत्र होकर बिजली आफिस पहुंचे और अपनी मांग रखी किसानों द्वारा बताया गया कि ओवर लोडिंग एवं कटौती से परेशानी उत्पन्न हो रही है। आक्रोशित किसान बिजली आफिस पहुंचे। किसानों की समस्या को लेकर जेई ने समस्या का हल कराने का आश्वासन दिया गया।

### पेड़ गिरने से यातायात बाधित

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस करेली से गाडरवारा जाने वाले मार्ग पर विशालकाय इमली का पेड़ हवा के कारण टूट कर रोड पर गिर गया जिस कारण से यातायात घंटो बाधित रहा। प्रशासन द्वारा मौके पर पहुंचकर पेड़ को हटाने की कार्वाई की जा रही है। वही यात्रियों के लिए विकल्पिक मार्ग बनाया गया है।

### एस पी के नाम दिया आवेदन

**नरसिंहपुर।** गत दिवस थाना क्षेत्र ठेमी क्षेत्र के ग्राम रीछा निवासी महेश कुमार साहू ने पुलिस अधीक्षक के समक्ष एक आवेदन प्रस्तुत कर गंभीर आरोप लगाए हैं। आवेदन मे बताया गया कि सूरवारी शराब दुकान के पार्टनर दीपक पटैल द्वारा उनके पुत्र धर्मेन्द्र साहू पर ठेके की शराब गांव में अवैध रूप से बेचने का दबाव बनाया जा रहा था। आवेदक के अनुसार, जब उनके पुत्र ने इस अवैध कार्य को करने से इंकार किया, तो संबंधित ठेकेदार ने थाना ठेमी पुलिस के साथ मिलकर उसे झूठे मामले में फंसाने की साजिश रच दी। महेश साहू ने आरोप लगाया कि उनके पुत्र को घर से बुलाकर बिना ठोस आधार के 34(2) का आरोपी बनाकर जेल भेज दिया है। जिससे पूरे परिवार में भय और तनाव का माहौल बना हुआ है। इस मामले को लेकर महेश कुमार साहू ने पुलिस अधीक्षक से निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। उनका कहना है कि यदि समय रहते निष्पक्ष जांच नहीं हुई, तो उनके पुत्र के साथ अन्याय है। उन्होंने दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की भी मांग की है। फिलहाल पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आवेदन पहुंचने के बाद मामले की जांच की संभावना जताई जा रही है।

# पृथ्वी को बचाने, पराली जलाने के विकल्पों - हैप्पी सीडर एवं बायो-डीकम्पोजर को तलाशना बेहद जरूरी : डॉ. के.के चतुर्वेदी

सिवनी।

सौर मण्डल में वैसे तो नौ ग्रह है, सभी अपने आप में विशाल वृहद, चमकीले, वलय लिए, तथा सप्तरंगी आवरण लिए अपनी-अपनी धुरी पर भ्रमण कर रहे हैं। जिसमें पृथ्वी ही केवल ऐसा ग्रह है जिसमें चेतना, वेदना, संवेदना, दुख, सुख संताप, पाप-पुण्य, धर्म-अधर्म, लौकिक अलौकिक मूल्य अपनी उपस्थिति से सकारात्मक एवं नकारात्मक दोनों ऊर्जाओं का बोधगम्य स्थल है। अपने प्रारंभ से पृथ्वी ऋषि मुनियों के सम्मान से अपनी शक्ति, समर्थता और स्पष्टता का बोध कराती है जिसका विवरण ऋषियों के विभिन्न श्लोकों में देखने को मिलता है-

ऊँ पृथ्वी दैव्यै विद्महे सहस्त्रमूर्तयै धीमहि तन्नो पृथ्वीः प्रचोदयात।

ॐ पृथ्वी दैव्यै विद्महे धरामूर्तये धीमहि तन्नो पृथ्वी प्रचोदयात ।।

उक्त श्लोक पृथ्वी की सत्ता, प्रभुता एवं सार्थकता को प्रमाणित करने के लिए ना काफी है, बल्कि पृथ्वी की गतिशीलता, गुरुत्व एवं गुणता का गुणात्मक बोध कराते हैं।

प्रत्येक वर्षे "पृथ्वी दिवस अपनी नित नई थीम के साथ पृथ्वी को संजाने, संवारने एवं पृथ्वी के प्रति जनमानस समाजसेवी संस्थाओं सहित राज्य एवं केन्द्र सरकारों का ध्यान आकर्षित कर पृथ्वी के संरक्षण के लिए आधारभूत सुधार करने की अपेक्षा की जाती है।

इस वर्ष भी पृथ्वी दिवस अपनी अधिकारिक थीम" हमारी शक्ति, हमारा ग्रह" के साथ मनाया जायेगा। इस वर्ष विश्व मे सतत क्षेत्रीय विस्तार के लिए होने वाले युद्धों जिनमे "रूस-यूक्रेन" अमेरिका ईरान- इजराइल युद्ध सहित विभिन्न खाड़ी देशो में लंबे समय से चल रहे युद्धों के कारण फैलने वाले विनाशकारी धुएं, जहरीली गैसों के प्रभाव से जन मानस के जीवन एवं स्वास्थ्य पर बड़ा व्यापक एवं विपरीत असर पड़ने के कारण नित नये रोग सुतित हो रहे हैं. जो चंतनीय है ?

यदि यह युद्ध सतत चलते रहे तो यह परमाण्विक युद्ध सहित तृतीय विश्व युद्ध का स्वरूप धारण कर पृथ्वी के अस्तित्व को खत्म करने का कथित प्रयास होगा। जिसके कारण निर्यात/आयात पूरी तरह से ठप्प होने के कगार पर है? फलस्वरूप विश्व समुदाय का उद्देश्य नवीकरणीय ऊर्जा की ओर बदलाव और पर्यावरण संरक्षण कर पृथ्वी को उत्खनन से रोकने के साथ साथ ऊर्जा के नवीन विकल्पों पर विचार करने पर जोर देना है।

पृथ्वी में हो रही असहाय घटनाओं जैसे भू-स्खलन, जंगलों का कटना, विनाशकारी भूकंप, जल संकट, उत्खनन जैसी सामरिक मार कोई नई बात नहीं है। परन्तु वनों की अंधाधुंध कटाई, घटते जल स्त्रोत, अवैध उत्खनन ने पृथ्वी के अंदर उपस्थित अपार संपदा का बहुतायत में क्षरण ही किया है। अपितु स्वार्थी मनुष्य ने प्रकृति निमित्त दो खेती के विकल्प को बढ़ाकर तीन-तीन खेती का नया विकल्प तैयार कर घटते जल स्तर को बदतर बनाकर पृथ्वी की उर्वराशक्ति को पराली जलाकर कुछ वर्षों तक सीमित कर दिया है। इससे वायु प्रदूषण बढ़ रहा है यह पराली मनुष्य की स्वास्थ्य संबंधी बीमारीयों की गई जनक बन गई है। जिसके कारण मनुष्य सांस लेने में तकलीफ, आंखो में जलन, भू-मित्र जीवाणुओं का खत्म होने का खत्तरा बढ़ गया है। साथ ही पृथ्वी का तापमान भी बढ़ रहा है। परन्तु राज्य एवं केन्द्र सरकार की लचीली कृषि नीत्ति एवं कार्यप्रणाली ने पृथ्वी को बड़े संकट से रोकने में विफल रही है। आज हमें पराली जलाने के वैकल्पिक उपायो पर विचार करने की आवश्यकता है। जिसमें सीटू प्रबंधन के द्वारा हैप्पीसीडर मशीन का उपयोग कर पराली को काटकर मिट्टी पर मिला दिया जाता है। जो खाद का भी काम करता है। साथ ही बायो डी-कम्पोजर जो भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान द्वारा विकसित विधि है जिसका छिडकाव करने से 20-25 दिनो में पराली सड़कर खाद में बदल जाती है। इसी प्रकार च्ट्रा मेनेजमेंट सिस्टम, जीरो टिल ड्रिल भी पराली के वैकल्पिक व्यवस्था के लिए बेहतर विकल्प हो सकते है। इस हेतु पराली जलाने पर पूर्णप्रतिबंध बेहद जरूरी है। जिससे पृथ्वी जीव-जन्तु, पेड-पौधे, फसल प्रभावित न हो कड़े कानून बनाकर बड़े संकेत देने होंगे।

हम सभी को पृथ्वी ने सबकुछ दिया पर हम सभी ने पृथ्वी को क्या दिया? हनने अत्याधुनिकता की स्थापित प्लास्टिक, पॉलीथिन, बॉटल, चिकित्सा में मूलतः उपयोग होने वाली सभी सामग्रियों, दवा इंजेक्शन, शीशियों, भोजन की अत्याधुनिक प्लास्टिक थैली, थाली, सभी प्रोडक्ट्स की पैकिंग का वेस्ट मटेरियल को फैंकने का अच्छा स्थान इस पृथ्वी को बना दिया है? दूर से पहाड़ अच्छे नहीं लगते, उनको उजाड़ दिया, अब प्लास्टिक का पहाड़ खड़ा कर रहे, पहाड़ सपाट मैदान हो गये है। नदी में रेत रहती थी तो पानी रहता था, तो पूरी रेत निकाल दी, ना रहेगा बांस ना बजेगी बांसुरी। यह सोथ कर जल स्त्रोत निगल गए? जंगल घना लगता है तो अंधियारा खत्न करने जंगल उजाड़ दिया। सारा जंगल, सारे संसाधन नष्ट कर दिए। परन्तु फिर भी पृथ्वी कितनी प्रसन्न है

## तीन गांव के किसानों को मिलेगा सिंचाई हेतु पानी, तिनसा जलाशय बना क्षेत्र के लिए वरदान

**छपारा-** नगर परिषद क्षेत्र के ग्राम तिनसा के समीप घने जंगल में सिंचाई विभाग द्वारा नव-निर्मित तिनसा जलाशय अब क्षेत्र के किसानों के लिए एक बड़ी सौगात साबित हो रहा है। यह जलाशय तिनसा, चन्देनी और गहरा नाला के किसानों के लिए सिंचाई का प्रमुख स्त्रोत बनेगा, जिससे आने वाले समय में कृषि कार्यों के लिए पर्याप्त पानी उपलब्ध हो सकेगा और किसानों की फसल उत्पादन क्षमता में भी वृद्धि होगी।

छपारा नगर से मात्र 2 से 3 किलोमीटर की दूरी पर स्थित यह जलाशय दो पहाड़ियों के बीच प्राकृतिक वातावरण में निर्मित किया गया है। इसका दृश्य अत्यंत मनमोहक और आकर्षक है, जो लोगों को अपनी ओर खींचता है। क्षेत्रवासी इसे अब केवल सिंचाई स्त्रोत के रूप में ही नहीं बल्कि पर्यटन स्थल के रूप में भी देखने लगे हैं।

छुट्टी के दिनों में यहां बड़ी संख्या में लोग पिकनिक मनाने पहुंचते हैं और प्राकृतिक सौंदर्य का आनंद लेते हैं। शीतकाल के मौसम में जलाशय के आसपास का दृश्य और भी अधिक आकर्षक हो जाता है, जहां ठंडी हवाओं के बीच हरियाली और पानी का संगम देखने को मिलता है।

भीषण गर्मी के मौसम में भी यह जलाशय क्षेत्र के लिए जीवनदायिनी साबित हो रहा है। जल स्तर बने रहने के कारण यहां पशु-पक्षियों, मवेशियों और स्थानीय लोगों को भी पानी की सुविधा मिल रही है, जिससे पर्यावरणीय संतुलन भी बना हुआ है।

स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि यह जलाशय आने वाले समय में खेती के लिए बेहद लाभकारी सिद्ध होगा और क्षेत्र की आर्थिक स्थिति को मजबूत करने में अहम भूमिका निभाएगा। सिंचाई विभाग द्वारा किया गया यह निर्माण कार्य अब किसानों और पूरे क्षेत्र के लिए विकास का प्रतीक बनता जा रहा है।

### नगर गौरव दिवस (सिटी-डे) का आयोजन

**सिवनी।।** सभी जिले वासियो को अत्यंत हर्ष के साथ सूचित किया जाता है कि मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार दिनांक 22 अप्रैल 2026 दिन बुधवार को नगरपालिका प्रशासन सिवनी द्वारा आदि गुरू शंकराचार्य अवतरण दिवस को नगर गौरव दिवस सिटी के रूप में मनाया जा रहा है। इस अवसर पर 22 अप्रैल को सायं 06 बजे से मठ मंदिर सिवनी में आदि गुरू शंकराचार्य जी की मूर्ति का पूजन/अर्चन विशिष्ट अतिथियों जिले के सांसद महोदय, विधायक महोदय, जिलाध्यक्ष महोदय, जिले के समस्त जनप्रतिनिधियों की गरिमामय उपस्थिति में किया जावेगा साथ ही विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम व धर्मसभा का आयोजन किया जा रहा है। नगर गौरव दिवस सिटी डे के अवसर पर धर्मसभा में श्रीमद् जगदगुरू शंकराचार्य स्वामी सदानंद सरस्वती जी महाराजश्री एवं ब्रम्हचारी निर्विकल्प स्वरूप जी महाराज धर्म सभा को संबोधित करेंगे। अतः नगरपालिका अध्यक्ष श्री ज्ञानाचंद सनोडिया एवं उपाध्यक्ष श्रीमति डॉली अमित डागौर द्वारा नगर के गणमान्य बंधुओं/नागरिको से अपील की जाती है।

## सीधे गेंहू खरीदिए और खराब है तो मुवावजा और बीमा दीजिए : मांग

सिवनी

सीधे गेंहू खरीदिए और खराब है तो मुवावजा और बीमा दीजिए उपरोक्त मांग जिला पंचायत सदस्य श्री घनश्याम सनोडिया ने अपने साथी जनपद सदस्यए सरपंचों एवं किसानों के साथ कलेक्ट्रेड जाकर कलेक्टर महोदय से किया एवं पत्र में लेख किया है कि वर्तमान में एम एस पी पर गेहूं खरीदी का कार्य चल रहा हैए लेकिन कुछ खरीदी केन्द्रों पर गेहूं को चमक विहीन बता कर खरीदी से इंकार किया जा रहा है। जबकि गेंहू में कोई खराबी नहीं है कटाई के समय बे मौसम बारिश होने से चमक कम हुई हैए गेंहू बड़ा या काला नहीं हुआ है खाने योग्य है इस कारण हमारी मांग निम्नानुसार है .

1. खड़ी फसल में कटाई के समय बारिश हो जाने से भीगे गेंहू की हमेशा खरीदी होती रही और खड़ी फसल में भीगे गेंहू से कोई दिक्कत भी नहीं है क्योंकि दाने के जर्मनेशन या रोटी इत्यादि बनाने में कोई समस्या नहीं रहती है क्योंकि हम गेंहू को पानी से धोने के बाद ही गेंहू का आटा बनवाते हैं। आधे से अधिक मध्यप्रदेश में गेंहू की फसल पानी से भीगी है परंतु अधिकारियों द्वारा सिवनी के कुछ चुनिंदा खरीदी केन्द्रों का गेहूं रिजेक्ट किया जा रहा है।

2. सिवनी जिला की सबसे बड़ी कातलबोडी सहकारी समिति क्षेत्र में एक भी खरीदी केंद्र नहीं बनाया गयाए इस समिति में 21 गांव के 3200 किसान आते हैं। जबकि समिति क्षेत्र के बीच में कारीरात में बेयर हाउस खाली है एवं करहैया में ओपन कैब बना हुआ हैए पर उपार्जन करने वाले अधिकारियों द्वारा समिति क्षेत्र से बाहर जाकर नरेला गांव में 5. 5 खरीदी केंद्र बनाए गए हैं जिससे अधिकारियों एवं शासन की खरीद की मंशा समझ से परे है। 3. जिले में उच्चतम उत्पादन वाली भाटीबाडा . मड़ुआ सहकारी समिति में भी उचित केंद्र नहीं खोले गएए इस कारण यहां के किसानों को भी मोहगांव में स्थापित केंद्र में फसल ले जाना पड़ रहा हैए जबकि इस समिति क्षेत्र में शायलो बैग स्थापित है जिसमें खरीदी बड़ी सुविधा से होती हैए पर शायद सायलो में खरीदी से कुछ लोगों के पेट में मरोड़ आती है क्योंकि सायलो वालों का काम बड़ा इमानदारी से और साफ.सुथरा रहता है।

4. खड़ी फसल पर कटाई पूर्व बारिश में भीगने के कारण अधिकांश किसानों का गेंहू रिजेक्ट किया जा रहा है और बताया जा रहा है कि शासन की दृष्टि में ऐ खाने योग्य नहीं हैए उन किसानों को बे मौसम बारिश ;प्राकृतिक आपदाद्ध से फसल क्षति का मुआवजा और फसल बीमा क्लेम दिलाओए क्योंकि शासन की नजर में फसल खराब हो चुकी है तो बीमा क्लेम और मुआवजा का प्रावधान है।

5. प्रति वर्ष 25 मार्च से गेंहू खरीदी चालू हो जाती थी परंतु इस साल सरकार की लापरवाही के कारण बारदाने उपलब्ध नहीं हो पाए और खरीदी 3 हफ्ते की देरी से चालू हुई है और आगे भी बारदाने की कमी की पूर्ण सम्भावना है।

6. पांच एकड़ से अधिक रकवे वाले किसानों के स्लाट बुक नहीं हो रहे हैं और कुछ किसानों का रकवा सेटेलाइट द्वारा असत्यापित बताया जा रहा है। इससे स्पष्ट है कि सरकार किसानों का गेहूं खरीदी की सरकार की मंशा नहीं है। आगे श्री घनश्याम सनोडिया जिला पंचायत सदस्य ने जिला प्रशासन को पत्र के माध्यम लिखित रूप से अवगत कराया है कि गेंहू की सम्पूर्ण खरीदी सुचारू रूप से की जाएए यदि गेहूं रिजेक्ट किया जाता है तो फसल क्षती पूर्ति के रुप में बे मौसम बारिश से पीड़ित किसानों को मुआवजा एवं फ़सल बीमा क्लेम देने की कार्रवाई करें और आप नहीं करेंगे तो मैं किसानों की ओर से जनहित याचिका हाईकोर्ट में दाखिल करुंगा।

## पुलिस की बड़ी कामयाबी: शातिर चोर गिरोह का पर्दाफाश, चोरी का माल बरामद

हरिभूमि न्यूज, सिवनी

छब्बी लाल कमलेशिया लखनादौन पुलिस अधीक्षक महोदय सुनील मेहता के निर्देशन में एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय दीपक मिश्रा एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस लखनादौन अपूर्व भलावी के मार्गदर्शन में

लखनादौन पुलिस ने अपनी मुस्तैदी और सटीक रणनीति का परिचय देते हुए क्षेत्र में सक्रिय एक शातिर चोर गिरोह को पकड़ने में सफलता हासिल की है। पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई की पूरे शहर में प्रशंसा हो रही है।पिछले कुछ दिनों से इलाके में बढ़ रही चोरी की वारदातों को देखते हुए पुलिस प्रशासन काफी सतर्क था। मुखबिर की सटीक सूचना और तकनीकी सर्विलांस की मदद से पुलिस ने नरसिंपुर जिला के गोटेगांव से तीन बदमाशो को गिरफ्तार कर चोरी गया मसरूका जप्त करने में लखनादौन पुलिस ने सफलता प्राप्त की प्रार्थी राहुल राजपूत ने रिपोर्ट लेख कराया कि दिनांक 09/04/26 को धूमा में काम कर रहा था करीब शाम 05/35 बजे मुझे मेरी माँ काशी राजपूत ने फोन किया और बतायी कि घर में चोरी हो गई है फिर मै धूमा से घर आया और देखा कि घर के चैनल गेट का ताला टूटा हुआ था और घर के अंदर के दरवाजे खुले हुए थे जो मैने अंदर जाकर देखा तो घर की अलमारी भी खुली हुई थी अलमारी के ड्राज में रखे नगदी 25000/रूपये एवं 02 सोने की अंगूठी व एक जोडी कान की सोने की बाली गायब थी जो काई अज्ञात व्यक्ति मेरे सूने घर में घुस कर चोरी कर ले गया कि रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।वरिष्ट अधिकारियों के निर्देशन में टीम गठित कर अज्ञात आरोपियों की तलाश कर पतारसी की गई । संदेही सददाम उर्फ इमरान खान पिता अनवर अली उम्र 32 साल निवासी नूरी मोहल्ला गोटेगांव जिला नरसिंहपुर पर संदेह होने पर प्रकरण के संबंध में हिकमा अमली से पूछताछ करने पर दिनांक 09/04/26 को अपने दो साथी,अजीत खान पिता मजिद खान उम्र 28 साल निवासी कटकुली गोटेगांव जिला नरसिंहपुर, चंद्रप्रकाश सिलावट पिता इंदर सिलावट उम्र 22 साल निवासी ग्राम छिंदौरी गोटेगांव जिला नरसिंहपुर के साथ चोरी करना जुर्म स्वीकार किये आरोपियों से चोरी किये गये सोने-चांदी के जेवरात सोने सोने की 02 अंगूठी, 02 कान की बाली,एक चांदी का सिक्का, चांदी का चूडा व नगदी सहित कुल 75000/- रूपये जप्त किया गया। आरोपी सद्दाम आदतन बदमाश है जिसके विरूद्व अलग अलग जबलपुर नरसिंहपुर सिवनी एवं अन्य जिलो के विभिन्न थानो चोरी के 21/22 अपराध दर्ज है। आरोपी दिन के समय सूने मकानो में रैकी कर ताला तोड कर चोरी करने का आदि है । गिरफतार आरोपी-01-सददाम उर्फ इमरान खान पिता अनवर अली उम्र 32 साल निवासी नूरी मोहल्ला गोटगांव जिला नरसिंहपुर 02- अजीत खान पिता मजिद खान उम्र 28 साल निवासी कटकुली गोटेगांव जिला नरसिंहपुर 03- चंद्रप्रकाश सिलावट पिता इंदर सिलावट उम्र 22 साल निवासी ग्राम छिंदौरी गोटेगांव जिला नरसिंहपुर को गिरफ्तार किए गए आरोपियों के पास से पुलिस ने निम्नलिखित सामान बरामद किया है कीमती आभूषण सोने और चांदी के गहने नकदी जप्त सहित कुल कुल 75000/- रूपये हजार रूपये । पेशावर चोर गिरोह को पकड़ने में निरीक्षक के.पी धुर्वे, सउनि विश्वरंजन रघुवंशी, सउनि देवेन्द्र जैसवाल, आरक्षक धनेश्वर यादव,ओ.पी धुर्वे शिवम बघेल, सूरज मेहरा, दीपेश मेहरा, विशेष भूमिका रही

### इस टीम की सराहना है

पुलिस अधीक्षक (SP) ने इस सफलता के लिए थाना प्रभारी और उनकी पूरी टीम की पीठ थपथपाई है। हमारी टीम ने दिन-रात एक करके इस गिरोह को पकड़ा है। अपराधियों में कानून का खौफ होना जरूरी है और हम जनता की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध हैं

### *जनता की प्रतिक्रिया इस**

स्थानीय निवासियों और व्यापार ने लखनादौन पुलिस का आभार व्यक्त किया। लोगों का कहना है कि इस गिरफ्तारी से क्षेत्र में चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगेगा और नागरिकों का पुलिस के प्रति विश्वास और भी मजबूत होगा। पुलिस का यह मानवीय और सतर्क चेहरा वास्तव में समाज के लिए एक प्रेरणा है। सुरक्षित समाज की दिशा में यह एक बड़ा कदम है।

## सिंहपुर प्रीमियर लीग का शुभारंभ आज से

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।



सिंहपुर स्पोर्ट्स क्लब, सिंहपुर के तत्वावधान में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी रात्रिकालीन टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता सिंहपुर प्रीमियर लीग का आयोजन 22 अप्रैल से किया जा रहा है। सफेद रोशनी में आयोजित होने वाली इस लोकप्रिय प्रतियोगिता का यह चतुर्थ संस्करण है, जिसे लेकर क्षेत्र में खासा उत्साह देखा जा रहा है। आयोजन समिति से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रतियोगिता में विजेता टीम को 31,000- रूपये नगद एवं ट्रॉफी प्रदान की जाएगी, जबकि उपविजेता टीम को 15,001- रूपये नगद एवं ट्रॉफी से सम्मानित किया जाएगा। इसके अतिरिक्त तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली टीम को 10,001- रूपये नगद एवं ट्रॉफी दी जाएगी। विशेष बात यह है कि इस वर्ष प्रतियोगिता में भाग लेने वाली टीमों में से किसी एक उभरती हुई टीम को प्रोत्साहन स्वरूप 7,501- रूपये की राशि एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर प्रोत्साहित किया जाएगा। सिंहपुर प्रीमियर लीग न केवल ग्राम एवं क्षेत्र के दर्शकों के लिए मनोरंजन और रोमांच का केंद्र रही है, बल्कि यह प्रतियोगिता जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आने वाली क्रिकेट प्रतिभाओं को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का उत्कृष्ट मंच भी प्रदान करती रही है। आयोजन समिति एवं सिंहपुर स्पोर्ट्स क्लब द्वारा ग्राम एवं क्षेत्र के समस्त खेल प्रेमी दर्शकों से अपील की गई है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करें और इस आयोजन को सफल बनाएं।

### ट्रेन से गिरकर युवक घायल



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस रेलवे स्टेशन के पास ट्रेन से गिर कर युवक घायल हो गया। जिसे उपचार हेतु जिला चिकित्सालय लाया गया। पुलिस ने प्राप्त जानकारी के अनुसार पप्पू पिता बी एम यादव उम्र 21 वर्ष निवासी बिहार ट्रेन हैदराबाद से बिहार जा रहा था तभी नरसिंहपुर रेलवे स्टेशन के पास नीद का झोका आने के कारण ट्रैक पर गिर गया और घायल हो गया। जिससका उपचार जिला चिकित्सालय मे जारी है।

## आधुनिक तकनीक और स्वरोजगार का शंखनाद कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।

गत दिवस एम.आई.एम.टी. कॉलेज और एमडिल इनोवेशन एकेडमी के संयुक्त तत्वाधान में 21 अप्रैल विश्व रचनात्मकता एवं नवाचार दिवस के अवसर पर नवाचार एवं सृजन उत्सव 2026 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन एम.आई.एम.टी. लॉ कॉलेज के डायरेक्टर रचित तिवारी, प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार गर्ग, एडमिल इनोवेशन एकेडमी के डायरेक्टर इंजी. सुनील पटेल, मोटिवेटर सलिल गुप्ता तथा नेतराम पटेल की उपस्थिति में किया गया। कार्यक्रम में रचित तिवारी ने युवाओं को संबोधित करते हुए रचनात्मकता एवं नवाचार के क्षेत्र में भविष्य निर्माण पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होने तकनीक और कानून के समन्वय पर जोर देते हुए बताया कि वर्तमान दौर में केवल किताबी ज्ञान र्प्याप्त नहीं है बल्कि छात्रों को नवाचार और आधुनिक कौशल अपनाने की महती आवश्यकता है। कार्यक्रम में क्रिएटिव केरियर स्किल्स इंटर्नशिप प्रोग्राम और फ्यूचर टेक ट्रेनर डेवलपमेंट प्रोग्राम को लांच किया गया जिसका उद्देश्य छात्रों को शिक्षा के साथ-साथ आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाना है। कार्यक्रम में एमडिल इनोवेशन के सह संस्थापक सुनील पटेल द्वारा लिखित पुस्तक 'व्हाय नॉट फ्रेषर' का विमोचन किया गया। कार्यक्रम के दौरान नेतराम पटेल द्वारा इनोवेशन एण्ड क्रियेटर लैब रील चैलेंज के विजेताओं को सम्मानित किया गया साथ ही एआईएम चैम्पियनशिप के माध्यम से छात्रों की रचनात्मकता को मंच प्रदान किया गया। नवाचार के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए गुरुकुल ज्ञान मंदिर के संचालक को सम्मानित किया गया। राष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त ट्रवल व्लागर मोटिवेटर सलिल गुप्ता ने 21 वीं सदी के कंटेन्ट क्रियेटर एवं केरियर कौषल पर विस्तार से व्याख्यान दिया उन्होने ट्रवल ब्लॉगिंग, कंटेंट क्रिएशन और डिजिटल क्रिएशन जैसे क्षेत्रों में भविष्य की अपार संभावनाओं के बारे में छात्रों का मार्गदर्शन किया। इससे पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती पूजन से किया गया। प्राचार्य डॉ. गर्ग ने अतिथियों का स्वागत करते हुए एमडिल इनोवेशन एकेडमी और एम.आई.एम.टी. कॉलेज के साझा प्रयास को प्रदेश के प्रमुख इनोवेशन हब के रूप स्थापित करने की बात पर जोर दिया। कार्यक्रम का संचालन पूर्वा पाठक एवं आभार श्रीमती आराधना दुबे द्वारा किया गया। राष्ट्रगान और उज्जवल भविष्य की शपथ के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

### सीमांकन को लेकर 1 साल से परेशान महिला, अधिकारी नहीं दे रहे थे ध्यान

## आवेदन पर नहीं हुई सुनवाई, महिला पेट्रोल माचिस लेकर पहुंची कलेक्ट्रेट

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट में मंगलवार को कलेक्ट्रेट जनसुनवाई के दौरान एक महिला पेट्रोल और माचिस लेकर पहुंची। उसने अपनी शिकायत पर सुनवाई न होने पर आत्मदाह की धमकी दी। महिला के मीडिया के सामने अपनी परेशानी बताने पर अधिकारी कक्ष से बाहर आए और उससे बात की।

वारासिवनी के सिकंद्रा निवासी नौशाद कुरैशी ने बताया कि वह पिछले एक साल से अपनी जमीन के सीमांकन को लेकर परेशान है। उनका आरोप है कि जनसुनवाई में लगातार आवेदन देने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने यह भी बताया कि सीएम हेल्पलाइन में की गई शिकायत को भी जबरन बंद करा दिया गया।

नौशाद कुरैशी की शिकायत है कि उनके पड़ोसी किशोर कटरे द्वारा बिना सीमांकन कराए मकान का निर्माण किया जा रहा है। उनका दावा है कि इस निर्माण से उनकी जमीन का कुछ हिस्सा भी प्रभावित हो रहा है, जिसके कारण वह अपनी जमीन का सीमांकन करवाना चाहती हैं।

अधिकारियों ने महिला को भरोसा दिलाया है कि बुधवार को उनकी जमीन का सीमांकन किया जाएगा। एसडीएम कार्तिकेय जायसवाल ने बताया कि यह प्रकरण काफी पुराना है और लंबे समय से लंबित है। उन्होंने कहा कि इसकी विस्तृत रिपोर्ट तैयार की जा रही है, जिसे मीडिया के साथ साझा किया जाएगा। महिला ने चेतावनी दी है कि यदि बुधवार तक उनकी जमीन का सीमांकन नहीं होता है, तो वह आत्मदाह कर लेंगी।



## सरपंच पति पर प्राणघातक हमला करने वाले 06 आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** हट्टा थाना क्षेत्र के कोहकाडीबर में सरपंच पति आतिश लिल्हारे पर जानलेवा हमले के मामले में हट्टा पुलिस ने मंगलवार को फरार चल रहे छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इन सभी आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया।

यह घटना 7 अप्रैल को कोहकाडीबर में एक शादी समारोह के दौरान हुए विवाद के बाद हुई थी। नौ आरोपियों ने मिलकर सरपंच पति आतिश लिल्हारे पर प्राणघातक हमला किया था। गंभीर रूप से घायल आतिश का इलाज वर्तमान में गोंदिया अस्पताल में चल रहा है।

मामला दर्ज होने के बाद पुलिस ने मंगलवार को जिन छह आरोपियों को गिरफ्तार किया, उनमें चिमनलाल बिरनवार (65), राजू बिरनवार (35), गुड्डु उर्फ मोतीलाल बिरनवार (40), शैलेन्द्र मस्करे (45), सीताराम मस्करे (45) और योगेश बिसेन शामिल हैं। ये सभी आरोपी कोहकाडीबर गांव के निवासी हैं।

इससे पहले, हट्टा पुलिस ने इस मामले में तीन अन्य आरोपियों को भी गिरफ्तार किया था। इनमें कोहकाडीबर निवासी महेश पिता श्रीराम पिछोडे (32), राजेन्द्र पिता पीतमलाल मस्करे (35) और सीताराम पिता सोहनलाल जामरे (37) शामिल थे। पुलिस ने इनके कब्जे से घटना में प्रयुक्त उभारी और लोहे की रॉड भी जब्त की थी।

### सदस्यता महाअभियान में डोर टू डोर हो रहा नवीन कृषकों से संपर्क

## कृषको से अपील, समिति से जुड़ेः सीईओ बघेल

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित बालाघाट अंतर्गत 131 बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों में नवीन सदस्य बनाये जाने को लेकर महाअभियान प्रारंभ है। इस संबंध में 20 अप्रेल को मृणाल मीना कलेक्टर एवं बैंक प्रशासक के मार्गदर्शन में बैंक मुख्यालय के माध्यम से अभिनव सिंह बघेल मुख्य कार्यपालन अधिकारी जेएसके बैंक बालाघाट द्वारा पी.जोशी प्रबंधक लेखा, राजेश नगपुरे प्र. प्रवास कक्ष, सारंग बिसेन, रौनक चैकसे, धनेन्द्र कटरे क्षेत्रीय अधिकारी, राजनंदनी परिहार स्थापना कक्ष एवं अमरेश परिहार इन्वेटरी मैनेजर की उपस्थिति में सदस्यता महाअभियान के संबंध में शाखा प्रबंधक, पर्यवक्षक, संस्था प्रबंधको मुख्य शाखा बालाघाट, वारासिवनी, लालबर्रा, खमरिया, रामपायली, खैरलांजी, लामता, बैहर, परसवाड़ा, भानेगांव, किरनापुर, लांजी, साडरा, बिरसा, कटंगी, तिरोड़ी के कर्मचारियों की वीसी के माध्यम से बैठक ली गई।





### नवीन सदस्य को शत प्रतिशत फार्म का करे वितरण

श्री बघेल सीईओ ने निर्देशित किया कि समिति स्तर के कार्यक्षेत्र में आने वाले ऐसे ग्रामो के कृषक जो समिति के सदस्य नही है चिहिन्त कर उन्हे सर्वप्रथम फार्म का वितरण करे। समिति कर्मचारी वास्तविक सूची तैयार कर, दिए गए निर्देशों के अनुसार नवीन सदस्यता की कार्यवाही पूर्ण करे। ताकि किसानो को शासन के शून्य प्रतिशत ब्याज दर पर प्राप्त होने वाले योजना का लाभ प्रदाय किया जा सके। श्री बघेल ने बताया कि जिले की 131 समितियों को 54 हजार नवीन सदस्य बनाने का लक्ष्य दिया गया गया है। जिसको लेकर समितियों के कर्मचारी ग्रामो में डोर टू डोर संपर्क में लगे है। उन्होने बताया कि सदस्यता अभियान को सफल बनाने के लिए प्रबंध संचालक अपेक्स बैंक भोपाल द्वारा भी लगातार वीसी एवं पत्रों के माध्यम से दिशा निर्देश दिये जा रहे है। उन्होने नवीन कृषको से अपील की है कि वे समिति की सदस्यता ले ताकि उन्हे शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ मिल सके। वीसी के माध्यम से भोपाल से जुड़े आर.सी. पटले संभागीय अधिकारी एवं विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी ने कहा कि शाखा प्रबंधक सभी संस्था प्रबंधको के निरंतर संपर्क में रहे और नवीन सदस्यता अभियान के कृषको को दिशा निर्देश अनुसार सदस्यता दिलवाये।

### वीसी से नदारत, वेतन काटने के निर्देश

सदस्यता अभियान को लेकर बैंक मुख्यालय द्वारा आयोजित वीसी में शामिल नही होने को लेकर शाखा डोंगरमाली के शाखा प्रबंधक और पर्यवेक्षक का एक दिन का अवैतनिक करने तथा संस्था प्रबंधको के विरूद्ध कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर पी.जोशी प्रबंधक लेखा ने कहा कि सदस्यता अभियान को गंभीरता से लेते हुए दिए गए लक्ष्य के अनुसार कार्य करना सुनिश्चित करें। इसके साथ ही पैक्स कम्प्यूटराईजेशन के अंतर्गत मून्यूअल बैंलेस शीट सहित अन्य बैंकिंग विषयों की समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए।

## भारतीय मजदूर संघ ने श्रमिकों के शोषण पर किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट में भारतीय मजदूर संघ के बैनर तले मंगलवार को ठेका श्रमिकों ने शोषण के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए सरकार से ठोस कार्रवाई की मांग की। श्रमिकों ने रैली निकालकर कलेक्ट्रेट पहुंचकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। संघ के पदाधिकारी राजकुमार मोहारे, जिलाध्यक्ष योगेश यादव सहित बड़ी संख्या में ठेका श्रमिक रैली के रूप में कलेक्ट्रेट पहुंचे और प्रशासन को अपनी मांगों से अवगत कराया।




जिलाध्यक्ष योगेश यादव ने आरोप लगाया कि आउटसोर्स कर्मचारी नियमित कर्मचारियों की तरह काम कर रहे हैं, लेकिन उन्हें वेतन और अन्य सुविधाएं नहीं मिल रही हैं। उन्होंने कहा कि सरकार श्रमिकों के प्रति दमनकारी नीतियां अपना रही है।

संघ ने आरोप लगाया कि ठेकेदार और नियोक्ताओं की मिलीभगत से श्रमिकों से 8 घंटे के बजाय 12 घंटे तक काम कराया जा रहा है। साथ ही मनमाने स्थानांतरण से भी श्रमिकों को परेशान किया जा रहा है।

प्रमुख मांगों में 'समान कार्य-समान वेतन' लागू करना और ठेका श्रमिकों के शोषण पर रोक लगाना शामिल है। संघ ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगों पर जल्द कार्रवाई नहीं हुई, तो भारतीय मजदूर संघ बड़े आंदोलन की शुरुआत करेगा।

## नपा सीएमओ ने की नल कनेक्शन में मोटरपंप का उपयोग ना करने की अपील

**बालाघाट।** ग्रीष्मकाल के दिनों में पेयजल हेतु शहर के 33 वार्डो में सुचारू रूप से जलप्रदाय किये जाने नगर पालिका परिषद बालाघाट द्वारा समुचित प्रयास किये जा रहे है। आम तौर पर नपा के नल कनेक्शनों में मोटरपंप का उपयोग किये जाने से प्रेशर की समस्या एवं नागरिकों तक पेयजल ना पहुंच पाने की दिक्कतें उत्पन्न होती है इसके समाधान के लिये प्रभारी सीएमओ सूर्यप्रकाश उईके द्वारा जारी आदेशों के तहत नपा की जलप्रदाय शाखा द्वारा निगरानी टीम का गठन किया गया है जो वार्डो का भ्रमण करेगी और मोटरपंप का उपयोग पाये जाने पर उसे जब्ती की कार्यवाही करेगी। सीएमओ ने आदेश में आम नागरिकों को सूचना जारी करते हुए बताया है कि नगर पालिका परिषद बालाघाट शहर के सभी वार्डो के नल कनेक्शनों तक पानी पहुंचाने के लिये प्रतिबद्ध है, ग्रीष्मकाल के दिनों में जल की स्थिति गंभीर हो जाती है जिसके प्रभाव सामने आते है। इसका बड़ा कारण यह है कि कई घरों में नपा के नल कनेक्शन में मोटरपंप का उपयोग करके पानी खिंचा जाता है जिससे आगे पानी का प्रेशर नहीं बन पाता है। इसके समाधान के लिये नगर पालिका परिषद बालाघाट द्वारा जलप्रदाय शाखा के माध्यम से टीम का गठन किया गया है जो प्रत्येक दिन नगर के वार्डो में भ्रमण करते हुए निगरानी बरतेगी और जहां भी नपा के नल कनेक्शन में मोटरपंप का उपयोग पाया जाता है उसे जब्ती की कार्यवाही की जायेगी। शहर के आम नागरिकों से जलप्रदाय को लेकर इस ग्रीष्मकाल में सहयोग देते हुए नपा के शासकीय नल कनेक्शन में मोटरपंप का उपयोग ना किये जाने की अपील की है।

## राजस्व वसूली, सीएम हेल्पलाइन और सूर्य घर योजना की प्रगति पर सख्त निर्देश

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

21 अप्रैल को अधीक्षण अभियंता श्री अमित कुमार (बालाघाट वृत) द्वारा वृत अंतर्गत समस्त कार्यपालन अभियंता, सहायक अभियंता एवं कनिष्ठ अभियंताओं की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित कर राजस्व वसूली एवं अन्य कार्यो की विस्तृत समीक्षा की गई।

बैठक में समाधान योजना के तहत लंबित प्रकरणों पर विशेष जोर देते हुए निर्देश दिए गए कि 5000 रुपये से कम बकाया वाले स्थायी विच्छेदित उपभोक्ताओं से तीन दिवस के भीतर शत-प्रतिशत वसूली सुनिश्चित की जाए। वहीं 5000 रुपये से अधिक बकाया रखने वाले उपभोक्ताओं पर नियमानुसार बैंक खाता सीज, कुर्की जैसी सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। जिन वितरण केंद्रों की प्रगति संतोषजनक नहीं पाई गई, उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। साथ ही प्रतिदिन रात्रिकालीन शिविर आयोजित कर उपभोक्ताओं से सतत संपर्क बनाए रखने के निर्देश भी दिए गए।



सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा में कुछ केंद्रों द्वारा 100 प्रतिशत संतोषजनक निराकरण न करने पर नाराजगी जताई गई और सभी लंबित शिकायतों का शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण समाधान करने के निर्देश दिए गए।

प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के अंतर्गत समीक्षा के दौरान पाया गया कि कुछ वितरण केंद्रों ने अप्रैल माह में एक भी कनेक्शन जारी नहीं किया है। इस पर सभी केंद्र प्रभारियों को निर्देशित किया गया कि माह के शेष दिनों में प्रत्येक केंद्र से कम से कम 5 कनेक्शन जारी किए जाएं।

इसके अतिरिक्त मानसून पूर्व मेंटेनेंस कार्यों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए गए कि किसी भी मेंटेनेंस या ब्रेकडाउन की स्थिति में उपभोक्ताओं, जनप्रतिनिधियों एवं संबंधित अधिकारियों को समय पर व्हाट्सएप, सोशल मीडिया एवं IOMS पोर्टल के माध्यम से सूचना उपलब्ध कराई जाए। साथ ही सभी कार्यों की शत-प्रतिशत प्रगति स्पेक पोर्टल पर दर्ज करना अनिवार्य बताया गया, अन्यथा संबंधित वितरण केंद्र प्रभारियों पर कार्रवाई की चेतावनी दी गई। बैठक में अधिकारियों को कार्यों में तेजी लाने एवं जवाबदेही सुनिश्चित करने के स्पष्ट निर्देश दिए गए।

### एड डॉ संजय खोबरागड़े की अध्यक्षता व इंजी सतेंद्र विद्रोही व एड सुरेन्द्र बारमाटे होगे विशिष्ट अतिथि

## एडवोकेट चंद्रशेखर आजाद के परम सहयोगी दामोदर यादव मंडल का 26 अप्रैल को होगा नांदी में आगमन

### परम पूज्य डॉक्टर बाबासाहब अंबेडकर की 135 वीं जयंती पर होगा विशाल प्रतिमा का अनावरण उपरांत फैजान ताज की होगी कव्वाली



**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** तहसील मुख्यालय कटंगी से 10 किलोमीटर दूर ग्राम नांदी में परम-पूज्य डॉक्टर बाबासाहब अंबेडकर की 135 वीं जयंती समारोह मुख्य अतिथि दामोदर यादव (राष्ट्रीय अध्यक्ष दलित पिछड़ा आदिवासी संगठन ) ,कार्यक्रम अध्यक्ष अधिवक्ता डॉ संजय खोबरागड़े (जिला अध्यक्ष बालाघाट जिला बौद्ध संघ बालाघाट,) प्रमुख अतिथि इंजीनियर सत्येंद्र विद्रोही (प्रदेश अध्यक्ष आजाद समाज पार्टी), एडवोकेट सुरेंद्र बारमाटे (प्रदेश महासचिव ऑल इंडिया समता सैनिक दल मध्य प्रदेश ),विशेष अतिथि अमित बसोड़ (प्रदेश महासचिव ए एस पी), वीरेंद्र शिंदे (प्रदेश महासचिव भीम आर्मी,) रितेश बोरकर (जिला अध्यक्ष भीम आर्मी बालाघाट),निलेश बौद्ध (जिला अध्यक्ष ए एस पी बालाघाट ), संजय पाटिल (ट्रस्टी शांतिवन चिचोली नागपुर ),सौरभ लोधी (प्रदेश अध्यक्ष ओबीसी महासभा ),कपिल मेश्राम (सभापति नगर परिषद कटंगी ),संजय शेंडे (अध्यक्ष डॉ अंबेडकर जयंती समारोह कटंगी ) विशिष्ट अतिथि -दलित मेश्राम अध्यक्ष तहसील बौद्ध संघ तहसील तिरोड़ी, प्रदीप ऊके सचिव तहसील बौद्ध संघ तहसील तिरोड़ी ,महेंद्र हिरक्रने अध्यक्ष तहसील बौद्ध संघ कटंगी, प्रियंका परते जिला पंचायत सदस्य, प्रकाश ऊके जिला पंचायत सदस्य, विकास खांडेकर अध्यक्ष समता सैनिक दल बालाघाट ,जगदीश रावत तहसील अध्यक्ष समता सैनिक दल तिरोड़ी, रामचंद्र जी मेश्राम अध्यक्ष बौद्ध संघ सर्कल नांदी ,माननीय आचार्य चितरंजन वासनिक सदस्य ऑल इंडिया समता सैनिक दल,, डॉ आशीष बोरकर सामाजिक चिंतक,भोजराज वासनिक (अध्यक्ष सम्यक बुद्ध विहार समिति नांदी), धनेश्वर मेश्राम (दुर्ग छत्तीसगढ़,) हंसराज रावतकर( सुंदर,) गजेंद्र ऊके सचिव बालाघाट जिला बुद्ध संघ सर्कल शाखा नांदी, भगवान दास खोबरागड़े परसवाड़ा घाट, विनोद पंच भाई सदस्य जनपद पंचायत कटंगी ,धर्मेंद्र बोमबर्डे सामाजिक चिंतक ,आनंद ऊके सामाजिक कार्यकर्ता, रितेश ऊके सामाजिक चिंतक, दुर्गेश वासनिक सामाजिक कार्यकर्ता ,मुकेश ऊके सामाजिक कार्यकर्ता, लखन मेश्राम पत्रकार सम्माननीय अतिथिगण - शैलेंद्र चौकसे पूर्व अध्यक्ष जनपद पंचायत कटंगी, चैनलाल तुरकर सरपंच ग्राम पंचायत नांदी ,रहीम खान उप सरपंच ग्राम पंचायत नांदी ,भूपेंद्र चौकसे पूर्व सदस्य जनपद पंचायत कटंगी , महेश अग्रवाल पूर्व सरपंच ग्राम पंचायत नांदी, श्रीमती सर्वेसती विशेष बिसेन सरपंच ग्राम पंचायत सुंदर ,श्रीमती चंद्रकला राजेंद्र टांडेकर सरपंच ग्राम पंचायत परसवाड़ा घाट, दिलीप पटेल समाजसेवी, श्रीमती उर्मिला ,अशोक पटेल सरपंच ग्राम पंचायत मोहगांव की उपस्थिति में होगा संपन्न। आयोजन समिति के अध्यक्ष संतोष वासनिक ने जारी बयान में बताया की अम्बेडकरी आंदोलन के योद्धा एड चंद्रशेखर आजाद सांसद के प्रमुख सहयोगी ओबीसी नेता दामोदर यादव का बालाघाट की सरजमी नांदी में प्रथम मर्तबा आगमन हो रहा है दामोदर यादव मंडल उच्च न्यायालय खंडपीठ ग्वालियर में परम-पूज्य डॉ बाबा साहब अंबेडकर जी की प्रतिमा स्थापित करने हेतु सतत संघर्ष कर रहे है म प्र में बहुजन समाज की एक बुलंद आवाज है! उनके मुख्य आतिथ्य में कार्यक्रम सम्पन्न होगा कार्यक्रम में प्रात 3 बजे भव्य रैली 5बजे परम पूज्य डॉ बाबा साहब अंबेडकर जी की प्रतिमा का अनावरण 7बजे मंचीय उद्बोधन रात्रि 10 बजे राष्ट्रीय प्रबोधनकार फैजान ताज की होगी कव्वाली आयोजक समिति - संतोष वासनिक अध्यक्ष, प्रशिक ऊके, शैलेश के वासनिक उपाध्यक्ष, विनोद मासुल्कर सचिव ,सुधीर रामटेक ,साहिल वासनिक सहसचिव, संजय भीमटे कोषाध्यक्ष ,आकाश ऊके सह कोषाध्यक्ष ,जितेंद्र मेश्राम सलाहकार सुरेंद्र बोमबर्दे संरक्षक, आयोजन समिति के सचिव विनोद मासूलकर ने जारी बयान मे बताया की कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दामोदर यादव मंडल, कार्यक्रम के अध्यक्ष अधिवक्ता डॉ संजय खोबरागड़े एवं कार्यक्रम के प्रमुख अतिथि इंजीनियर सत्येंद्र विद्रोही एड सुरेन्द्र बारमाटे सहित अन्य अतिथि गण परम पूज्य डॉक्टर बाबासाहेब अंबेडकर 6 फिट की प्रतिमा का अनावरण करेंगे समिति के द्वारा कार्यक्रम में शरीक बौद्ध उपासक उपासिकाओं को भोजन दान प्रदान किया जाएगा कार्यक्रम के रमा महिला मंडल के अध्यक्ष मनोरमा चौहान एवं सचिव दुर्गा वासनिक, सोनम वासनिक ने समस्त बौद्ध अनुनियो से आहवान किया है कि स्वेत वस्त्र में अधिक से अधिक तादाद में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाएं।

## 120 आवेदकों ने दिये अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

प्रत्येक मंगलवार को होने वाली जनसुनवाई की कड़ी में 21 अप्रैल को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जनसुनवाई का आयोजन किया गया। इसमें कलेक्टर श्री मृणाल मीना एवं अपर कलेक्टर श्री डीपी बर्मन ने आवेदकों की समस्याओं को सुना और संबंधित विभागों के अधिकारियों को उनका निराकरण करने के निर्देश दिये। जनसुनवाई में 120 आवेदक अपनी समस्या लेकर आए थे।

जनसुनवाई में वारासिवनी तहसील के ग्राम भांडी पिपरिया की पुष्पा बाई मेश्राम अपने दोनों विकलांग बच्चों की दवाइयों में सहायता की मांग लेकर आयी थी। पुष्पाबाई का कहना था कि वह एक गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाली महिला है। उसकी 02 संताने है एक पुत्र और एक पुत्री और दोनों ही विकलांग है। जिनकी पालन पोषण व दवाइयों का खर्चा उठाने में उसे अत्यधिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। उसने जिला प्रशासन से गुहार लगाई है कि उसके बच्चों के ईलाज व दवाइयों में सहायता की जाए। इस प्रकरण में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए है।

लामता तहसील अंतर्गत ग्राम हिरबाटोला के ग्राम पंचायत चमरवाही निवासी ओमप्रकाश ठाकरे शिकायत लेकर आये थे कि प्रधानमंत्री आवास योजना की लिस्ट से उसका नाम विलोपित कर दिया गया है। ओमप्रकाश ने बताया कि उसने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत गृह निर्माण करने के ग्राम पंचायत चमरवाही में आवेदन प्रस्तुत किया था, जिसके तहत 2018 की सूची में उसका नाम दर्ज था, वहीं वर्तमान में केवल 244 हितग्राहियों का नाम ही लिस्ट में दर्ज है। ओमप्रकाश ने बताया कि इस संबंध में विस्तृत जानकारी लिए जाने पर उसे कोई स्पष्ट जानकारी न प्रदाय कर सरपंच सचिव द्वारा टालमटोल किया जा रहा है। इस प्रकरण में जनपद सीईओ बालाघाट को आवश्यक कार्यवाही करने कहा गया है।

बालाघाट तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत पेण्डरई निवासी शीला मोहारे शिकायत लेकर आयी थी कि उसे प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत घर निर्माण करने के बावजूद अब तक मजदूरी की राशि प्रदाय नही की गई है। शीला का कहना था कि उसे वर्ष 2025 में पीएम आवास योजना अंतर्गत आवास स्वीकृत किया गया था जिसके बाद उसका घर बनकर तैयार हो गया है किंतु अब तक उसे मजदूरी की राशि प्राप्त नही हुई है। ग्राम पंचायत में इस संबंध में जानकारी लेने पर हमेशा टालमटोल किया जाता है। अतः मुझे शीघ्र मजदूरी की राशि दिलाई जाए। इस प्रकरण में जनपद सीईओ बालाघाट को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए है।

### किसान बीज विकास निगम से प्राप्त कर सकते है बीज

**बालाघाट।** फसलों के अधिक उत्पादन में उन्नत एवं प्रमाणित बीजों का महत्वपूर्ण योगदान होता है। इसी तथ्य को दृष्टिगत रखते हुए कृषि विभाग द्वारा खरीफ-2026 के लिए उन्नत बीज का इंतजाम किया गया है। खरीफ फसलों के आधार एवं प्रमाणित बीज मप्र राज्य बीज विकास निगम से प्राप्त किये जा सकते है। उपसंचालक कृषि श्री फूलसिंह मालवीय ने बताया कि धान की जेआर-206, जेआर-21, पीबी-11-21, जीराशंकर, जेआर-10, एमटीयू-1010 का 1205 क्विंटल आधार बीज एवं 2573 क्विंटल प्रमाणित बीज किसानों के लिए उपलब्ध कराया गया है।

### कक्षा 10वी में 100% सफलता, बच्चों ने बढ़ाया मान

## शासकीय हाईस्कूल हरदोली का परीक्षा परिणाम रहा उत्कृष्ट

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

माध्यमिक शिक्षा मण्डल भोपाल द्वारा घोषित वर्ष 2026 के कक्षा- 10वी के परीक्षा परिणाम में विकास खण्ड-कटंगी के शासकीय हाईस्कूल हरदोली के विद्यार्थियों द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है।



शाला में कक्षा-10वी में कु० सृष्टि ठाकरे 85% अंक के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया हैं, कु० संजना मात्रे 82% अंक के साथ द्वितीय स्थान, कृष्णा देशमुख ने 80% अंक लेकर तीसरा स्थान प्राप्त किया है। शाला में कुल 21 छात्र दर्ज थे जिसके 21 छात्र उत्तीर्ण होवर 100% परीक्षा परिणाम प्राप्त हुआ है।

संस्था के प्राचार्य एवं शिक्षकों द्वारा शीर्ष पर रहे छात्र-छात्रों को उनके उज्वल भविष्य के लिए बधाई देते हुए शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।